खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स 81,451.01 निफ्टी 24,750.70

सोना 98,010 चांदी 99,900

बरेली, रविवार 1 जून 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 187 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राजीव कृष्णा बने उप्र के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को उत्तर प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। मौजूदा डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला है।

राजीव कृष्णा वर्तमान में डीजी विजिलेंस के पद पर तैनात हैं। डीजीपी के चयन को लेकर अब तक संघ लोक सेवा आयोग को कोई प्रस्ताव भेजे जाने की पुष्टि नहीं है।

■ **प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला**

डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार ने पिछले वर्ष पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

## सीडीएस अनिल चौहान ने खोली पाक की पोल



**सिंगापुर।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के दावों पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग के दौरान एक साक्षात्कार में उसकी पोल खोल दी है।

यहां ब्लूमबर्ग टीवी को दिए गए साक्षात्कार में जब उनसे पूछा गया कि क्या तनाव के दौरान पाकिस्तान ने भारत के राफेल समेत छह फाइटर जेट मार गिराए थे? तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इस सवाल का जवाब देते हुए सीडीएस अनिल

■ **शहबाज शरीफ के छह भारतीय जेट गिराने के दावे को बताया सरासर झूठ**

चौहान ने कहा कि जो अहम सवाल है वह यह नहीं है -शेष पृष्ठ दो पर

## विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में दो साल की सजा



**मऊ।** उप्र में मऊ जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दो साल की कैद और 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट न्यायाधीश डा. कृष्ण प्रताप सिंह ने सुबह ही स्व. मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी व उनके एक सहयोगी मंसूर अंसारी को हेट स्पीच मामले में दोषी करार दिया था। दोषी करार देने के साथ ही दोनों लोगों को पुलिस द्वारा अभिरक्षा में ले लिया गया। विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए अब्बास अंसारी को दो साल की कैद व अलग-अलग धाराओं से जोड़े गए कुल रकम 11 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई गई वहीं विधायक अब्बास अंसारी के इलेक्शन एजेंट व सहयोगी मंसूर अंसारी को 120बी के तहत छह माह की सजा और एक हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया गया।




### जम्मू-कश्मीर व गुजरात समेत छह राज्यों में मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को देश के 6 राज्यों जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल हुई। शाम 5 बजे से रात 9 बजे के दौरान एयर स्ट्राइक, अटैक और ब्लैक आउट की ड्रिल को पूरा किया गया। सबसे पहले सभी 6 राज्यों के कई जिलों में एयर स्ट्राइक, बॉम्ब ब्लॉस्ट, फायरिंग, इमारत में आग लगने पर स्थिति से कैसे निपटा जाए, इसकी ड्रिल को पूरा किया गया। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर बिग्रेड और वॉलंटियर्स की टीमें इसमें शामिल हुईं। ड्रिल के दौरान इमारत में आग लगने पर लोगों को बाहर निकालने, घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर मेडिकल हेल्प देने, एम्बुलेंस के जरिये उन्हें अस्पताल भेजने, इमारतों में लगी आग पर काबू पाने की ड्रिल को अंजाम दिया गया। इस दौरान बिना देर किए क्विक रिस्पॉन्स देने पर फोकस किया गया। रात 8 बजे से 9 बजे के बीच इन राज्यों में ब्लैकआउट रहा। सायरन बजने के साथ ही कई जिलों में 15 मिनट, कहीं 20 से 25 मिनट, तो कहीं 30 मिनट तक ब्लैक आउट रहा।

### अरुणाचल: भूस्खलन में सात लोगों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग जिले में शुक्रवार देर रात भारी बारिश के दौरान बाना और सेप्पा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-13 पर हुए भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और यातायात बाधित हो गया। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के बाना-सेप्पा खंड पर हुए भूस्खलन में सात लोगों को ले जा रहा एक वाहन बह गया और गहरी खाई में गिर गया। वाहन सेप्पा की ओर जा रहा था, तभी बारिश के कारण हुए

# देश के अंतिम नागरिक तक पहुंचे न्याय:CJI

## कहा: संकट के समय देश रहा एकजुट, इसका श्रेय संविधान को

प्रयागराज, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई (जस्टिस बीआर गवई) ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।



■ **न्यायपालिका और कार्यपालिका ने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग बिल्डिंग के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब 25 नवंबर 1949 को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान का अंतिम ड्राफ्ट कॉन्स्टिट्यूशनल असेंबली के सामने रखा था, तब उन्होंने जो भाषण दिया वह हमारे देश को दिशा देने वाला था। उन्होंने उस समय एक चेतावनी दी थी कि जब तक हम सामाजिक और आर्थिक असमानता को दूर नहीं करेंगे तब तक इस देश में सही मायनों में जनतंत्र का निर्माण नहीं हो पाएगा। आज हम देखते हैं कि जो हमारे 75 साल की यात्रा रही उसमें हमारी कार्यपालिका और न्यायपालिका ने भारत में -शेष पृष्ठ दो पर

## सभी हाईकोर्ट के लिए आदर्श बना इलाहाबाद उच्च न्यायालय: गवई

**प्रयागराज।** सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई ने कहा कि देश के सभी हाईकोर्ट के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय आदर्श बना हुआ है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग और अधिवक्ताओं के लिए तैयार वातानुकूलित चैंबर्स का शनिवार को उद्घाटन किया। उन्होंने अधिवक्ताओं

■ **न्यायालय परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग किया उद्घाटन**

के लिए 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले वातानुकूलित चैंबर्स और मल्टीलेवल पार्किंग के लिए सराहना की।

## अब आतंकियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) नहीं चलेगा और ऐसा होने पर उन्हें हम घर में घुसकर मारेंगे।



■ **आतंकियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी**

श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती के अवसर पर यहां आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित किया। अपने लगभग 40 मिनट के भाषण में उन्होंने अपना संबोधन महिलाओं के शौर्य पर केंद्रित रखा। साथ ही हाल में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये छद्म युद्ध नहीं चलेगा। ऐसा होने पर हम उन्हें घर में घुसकर मारेंगे। आतंकवादियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकाना पड़ेगी। अब प्रत्येक भारतीय कह रहा है और उनकी भावनाओं के अनुरूप अब यदि वे गोली चलाएंगे, तो इसका जवाब गोले से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम में आतंकवादियों ने सिर्फ भारतीयों का ही खून नहीं बहाया। हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। ये चुनौती आतंकवादी और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। इस हमले के बाद भारत की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ देश का अब तक का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने सोचा भी नहीं था, वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया। सैकड़ों किलोमीटर दूर तक। श्री मोदी ने कहा कि साथियों ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है। बीएसएफ का ऑपरेशन में बड़ा रोल रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### हरदोई में कार खाई में पलटी, पांच मरे छह की हालत गंभीर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मझिला क्षेत्र में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में पिता पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम भुप्पा पुरवा मोड़ के पास तड़के करीब तीन बजे हुआ जब आलमनगर मार्ग पर भुप्पा पुरवा मोड़ पर तेज रफ्तार आर्टिका कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि पाली थाना क्षेत्र के पटियानीम गांव निवासी नीरज की बारात कुसुमा गांव गई थी। विवाह समारोह के पश्चात बाराती घर वापस लौट रहे थे कि यह हादसा हो गया। हादसे में कार में जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ, रामू, जौहरी और छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर फंसे सभी घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जितेंद्र, उसके पुत्र सिद्धार्थ, रामू, आकाश और जौहरी को मृत घोषित कर दिया, जबकि छह अन्य की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### खड़गे ने वन्यजीव विशेषज्ञ वाल्मीकि थापर के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक एवं प्रकृति प्रेमी वाल्मीक थापर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। खड़गे ने कहा कि थापर के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बाघ संरक्षण के अग्रणी अधिकारी रहे थापर भारत के सबसे सम्मानित वन्यजीव विशेषज्ञों में से एक थे। उन्हें वर्ष 2005 के बाघ टास्क फोर्स का सदस्य नियुक्त किया गया था। उनके परिवार, दोस्तों, वन्यजीव उत्साही और संरक्षण समुदाय के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी थापर के निधन पर शोक जताया और कहा कि वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र में खासकर, बाघ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले वाल्मीक थापर का निधन देश के लिए बड़ी क्षति है। आज का रणथंभौर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और अथक उत्साह का प्रमाण है।

### विजेंद्र गुप्ता ने तंबाकू मुक्त दिल्ली का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वह तंबाकू-मुक्त संस्कृति के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। विजेन्द्र गुप्ता ने 'वॉक फॉर लाइफ - क्विट टोबैको' पहल का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन और राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रोहिणी में पदयात्रा आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में चिकित्सा विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों, छात्रों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर गुप्ता ने तंबाकू सेवन से उत्पन्न खतरों के विरुद्ध एकजुट सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत एक ऐसी महामारी है जिसे रोका जा सकता है, लेकिन यह आज भी अनगिनत जिंदगियों को निगल रही है और परिवारों पर बोझ बन रही है।

# कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी बड़ा महत्व

**प्रयागराज, वार्ता**



- अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई द्वारा शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ से बने अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आयोजित कार्यक्रम को याद करते हुए बताया कि तब 'उन्होंने' कहा था कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। योगी ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी महत्व है। उन्होंने अधिवक्ताओं का दर्द बयां किया और कहा कि टूटे चैंबर व पेड़ के नीचे बैठने के साथ ही अधिवक्ता हर विपरीत परिस्थिति में कार्य करते हुए न्याय की जद्दोजेहद करते दिखते हैं।

उन्होंने थोड़ा मजाकिया लहजे में कहा कि अधिवक्ताओं के वातानुकुलित चैंबर उनके गुस्से को शांत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान प्रयागराज आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरवमयी है। आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू होने का अमृत महोत्सव वर्ष भी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज उत्तर प्रदेश में भारत के विरासत की भूमि है। मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर उन्होंने कहा कि यह भी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। योगी ने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग बनती है, लेकिन कोई जाता नहीं है। बार-बार अर्बन बॉडीज से कहता हूं कि यह तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण ने छह वर्ष पहले गोरखपुर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई, वो चली नहीं। मैंने कहा कि इसके अंतिम दो फ्लोर में कॉमर्शियल स्पेस देकर इसे संचालित कीजिए। जैसे ही यह हुआ, आज पूरा कॉम्प्लेक्स फुल हो जाता है। जो लोग सड़कों पर वाहन खड़ा करते थे, वे कॉम्प्लेक्स में वाहन खड़ा करते हैं और वहां जाकर सुविधाओं का आनंद लेते हैं।

मुख्यमंत्री ने बेहतरीन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां मल्टीलेवल पार्किंग के साथ अधिवक्ता चैंबर्स, कैफेटेरिया, आधुनिक किचन, कॉन्फ्रेंस की भी सुविधा मिली है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यह नया मॉडल हो सकता है। उन्होंने कहा जब हम लोग आए थे, तो यूपी के 10 जिलों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं थे। नक्शा कभी मुख्य न्यायाधीश तो कभी हम लोगों को पसंद नहीं आता था। फिर हमने कार्यदायी संस्थाओं से कहा ऐसा बनाओ, जो मॉडल हो। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के साथ उसमें पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स बनाइए। जो प्रपोजल हमने दिया था, उसमें से सात जिलों को यहां से अप्रूवल मिल चुका है, उसके लिए 1700 करोड़ जारी कर चुके हैं। तीन अन्य जिलों के मामलों का भी न्यायालय से निस्तारण हो चुका है। उन्हें भी हम उन जिलों में दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स जब बनेगा तो वादकारी को न्यायिक कार्य से जुड़ी सभी सुविधाएं एक छत के नीचे ही मिलेंगी। अधिवक्ताओं के लिए चैंबर्स व कार पॉर्किंग भी होगी। न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास की सुविधा भी होगी। अच्छे कॉम्प्लेक्स के निर्माण में जो प्रयास प्रारंभ हुआ है, वह मॉडल बनेगा। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जनपदीय न्यायालयों में अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# अखिलेश सामाजिक मुद्दों पर गंभीर नहीं: जयवीर

**मैनपुरी, वार्ता**



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को मैनपुरी में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की घर-घर सिंदूर भेजने की कोई योजना नही है।

मीडिया में यह गलत तथ्य प्रचारित हो रहा है। सरकार द्वारा जो शादियां कराई जा रही हैं, उनमें जो सुहाग का सामान दिया जा रहा है, उसमें पहले से ही सिंदूर की डिबिया दी जाती थी, उसमें ही सुहाग का बॉक्स सिंदूर नाम से दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने प्रेस वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सोशल मीडिया में जिस महिला भाजपा नेत्री के अश्लील वीडियो वायरल होने की बात कही जा रही है, वह महिला भाजपा में नहीं है, उसे 2022 में ही भाजपा से निष्कासित किया जा चुका है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का इस प्रकरण पर बयान देना स्पष्ट करता है कि अखिलेश यादव सामाजिक मुद्दों पर भी गम्भीर नहीं हैं उनका इस मुद्दे पर बयान देना उनके हल्केपन को स्पष्ट करता है। सिंह ने कहा प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति है कि भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हो। गरीबों और कमजोरों की जमीन पर जो कब्जा करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

# जम्मू-कश्मीर में कहीं बारिश, कहीं हिमपात

**श्रीनगर/जम्मू, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जबकि ऊंचे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई और मुगल रोड को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया।

अधिकारियों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पीर की गली के साथ-साथ उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी में तुलैल और राजदान टॉप के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर जोजिला दर्रे में भी में ताजा बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में भद्रवाह और किश्तवाड़ में ऊंचे इलाकों में भी ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। इस दौरान तापमान में गिरावट आई जो सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक था। उन्होंने कहा कि जम्मू-श्रीनगर के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी सप्ताह में आठ जून तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश के साथ मौसम शुष्क रहने का अनुमान लगाया है।

विभाग के एक अधिकारी ने आज कहा कि पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। उन्होंने कहा कि पुंछ, बारामूला, सांबा, जम्मू और कठुआ में तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई। आज हल्की से मध्यम स्तर बारिश, ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी, अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारी ने सप्ताह भर का पूर्वानुमान साझा करते हुए कहा कि एक-दो जून को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। चार-छह जून को मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा और कुछ स्थानों पर दोपहर के समय हल्की बारिश और बौछारें पड़ेंगी। सात-आठ जून को अपराह्न के समय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की आशंका है और तेज बारिश से कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ आ सकती है।

## तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा हवाई: प्रियंका

# जीडीपी की विकास दर घटना चिंताजनक

**नई दिल्ली, वार्ता**



- आर्थिक विकास की रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम
- वायुसेना को चीन से ज्यादा मजबूत बनाने की सख्त जरूरत, एयर चीफ मार्शल के बयान का हवाला दिया

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब तक देश में आर्थिक विकास की दर तेज नहीं होगी, तब तक विकसित भारत की बातें करने का कोई मतलब नहीं है।

सुश्री वाड्रा ने कहा कि सरकार ने आज आर्थिक विकास का जो आंकड़ा पेश किया है, उसके अनुसार देश की आर्थिक विकास दर 2024-25 में साढ़े छह प्रतिशत है। आर्थिक विकास की यह रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम है। जब तक आर्थिक विकास की रफ्तार तेज नहीं होगी तब तक देश की आर्थिक प्रगति की बात करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। कोरोना काल के बाद यह सबसे सुस्त रफ्तार है।भाजपा सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही है। देश भर में उद्योग-धंधे सिमट रहे हैं। औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर पर है। पूरे देश में भयंकर बेरोजगारी है। नई नौकरियां पैदा नहीं हो रहीं। लोगों की आय घट रही है, आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए मांग और खपत भी घट रही है। तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा-हवाई हैं।

कांग्रेस प्रवक्त सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 में देश की आर्थिक विकास की दर 6.5 प्रतिशत रही जो चार साल में सबसे कम है। विकसित भारत के लिए अगले 22 साल तक हर साल 8.2 प्रतिशत की विकास दर चाहिए। सरकार के लोग 7.4 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का हवाला देकर बरगलाएंगे, लेकिन सच यह नहीं है। पार्टी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा 'अच्छे दिन' की बात करने वाले मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने पर तुली है। आंकड़े इस बात की साफ गवाही दे रहे हैं। जीडीपी की विकास दर कम होने का मतलब है कि देश में उद्योग-धंधे मंद पड़े हैं, रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं और नौकरियां कम हैं। वहीं कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि हाल में पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्रवाई में वायुसेना ने अत्यंत सराहनीय और जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी ठिकानों को सटीक निशाना बनाकर ध्वस्त किया, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय वायुसेना को ज्यादा सशक्त बनाने की जरूरत है और इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी तथा उपकरण के इस्तेमाल पर सरकार को ध्यान देना पड़ेगा। तेलंगाना सरकार में मंत्री तथा वायुसेना में फाइटर पायलट रहे डा. उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में भारतयी वायुसेना ने भूमिका निभाई है और इस दौरान उसने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया है, वह सरहानीय है और हमारी वायुसेना ने जिस तरह से असाधारण अभियान चलाकर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है, उस पर कांग्रेस को गर्व है। उन्होंने वायुसेना प्रमुख ए पी सिंह के हालिया बयानों को उद्धृत करते हुए कहा कि उन्होंने वायुसेना सुधार के हिसाब से कई अत्यंत गंभीर और चिंताजनक मुद्दों को उठाया है। एयर चीफ मार्शल ने देश की वायु रक्षा से जुड़े जिन महत्वपूर्ण मुद्दों की तरफ इशारा किया है, सरकार को उस पर ध्यान देने की जरूरत है। उनका कहना था कि लड़ाकू विमानों और हथियारों की आपूर्ति में भारी देरी वायुसेना के लिए एक गंभीर समस्या है। भारत रक्षा प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में चीन से पीछे है हालांकि अच्छी बात यह है कि हमारे प्रशिक्षण मानक चीन के मुकाबले बहुत बेहतर हैं।

### सैन्य कार्रवाई के दौरान विमान गिरने की बात नकारना सरकार बंद करे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी के पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान हमारे लड़ाकू विमान गिरने की बात को भले ही सरकार नकारती रही है, लेकिन अब तो खुद रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान तथा अन्य वायु सेना अधिकारी साफ इशारा कर चुके हैं कि पाकिस्तान के साथ कार्रवाई के दौरान हमारे विमान गिरे हैं, तो सरकार को इस बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस की तेलंगाना सरकार में मंत्री, पूर्व सांसद तथा वायु सेना फाइटर पायलट रहे उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि लड़ाकू विमानों के गिरने की बात भले ही सरकार बराबर नकार रही है, लेकिन रक्षा प्रमुख तथा वायु सेना के अधिकारी इशारा कर चुके हैं कि विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसे नकारना अब बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीडीएस ने खुद इसका जिक्र किया। इससे पहले एयर मार्शल भारती ने डीजीएमओ के साथ अपनी ब्रीफिंग में इसका अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र किया था। उन्होंने खास तौर पर कहा कि लड़ाई में नुकसान होना आम बात है।

# स्वस्थ, स्वच्छ दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**



100 दिन सेवा के काम करने वाली सरकार के कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री का दावा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमामयी बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

गुप्ता ने शनिवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में '100 दिन सेवा के, काम करने वाली सरकार' के एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे बहुत दुख होता है, जब मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं, जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर सुरक्षा बलों पर सवाल उठाते थे और देश के दुश्मनों से हाथ मिलाते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं। देश की सभी महिलाएं दुश्मन के इलाके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों को सलाम करती हैं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें झुग्गियों को सिर्फ वोट बैंक समझती थी इसलिए उनके इलाके में कोई विकास का काम नहीं किया गया, लेकिन हमारी सरकार ने पहले बजट में ही झुग्गी वाले इलाके के विकास के लिए सात सौ करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। अब हर झुग्गी वाले इलाके में कोई न कोई काम शुरू हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को जब तक पक्का मकान नहीं मिल जाता तब तक वहीं रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सम्मान के साथ उनकी हर आशाओं को पूरा करना उनका दायित्व है। उन्होंने महिलाओं को ढाई हज़ार देने का जो वादा किया गया था उसे योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सभी योग्य पात्रों को इसका लाभ दिया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पिछले दस साल में दिल्ली की जनता को जो जख्म मिले हैं उनको पांच साल में भरने की हमारी कोशिश होगी। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 साल में दिल्ली की सत्ता में जो सरकार रही वह कूड़े के पहाड़ को एक इंच भी कम नहीं कर पाई। हमारी सरकार आने के बाद कूड़े के निष्पादन का काम तेज किया गया है। दिल्ली को ई-वेस्ट मुक्त बनाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर ठोस नीति और दीर्घकालिक समाधान के साथ आगे बढ़ रही है यही है हमारी सेवा और संकल्प का रास्ता है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पहले हर काम में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन अब सरकार हर काम में पारदर्शिता लेकर आई है और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली वालों को उनका हक नहीं मिला था, लेकिन हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली वालों को आयुष्मान योजना लागू करने का फैसला किया। पिछले 100 दिनों में आयुष्मान योजना में 3.5 लाख लोगों ने पंजीकरण करा लिया है जिसे 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विस्तृत योजना बनाई है और उस पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के सभी 250 वार्डों में प्रत्येक वार्ड चार-चार पानी छिड़काव के मशीनों को लगाया जाएगा। इसके अलावा ऊंची इमारतों पर भी एंटी-स्मॉग गन लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना केवल 48 किलोमीटर बहती है, लेकिन उसे साफ करने को पहले की सरकारों ने गंभीरता नहीं दिखाई।

# उठाव सुस्त रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और ये पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 16849 रुपये, सोया रिफाइंड 14871 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16190 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राजीव कृष्णा...** बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 को मंजूरी जरूर दी थी, पर उसके तहत अब तक समिति का गठन भी नहीं किया गया है। ऐसे में प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न मिलने की दशा में डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को डीजीपी का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। वह 1991 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव कृष्ण यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं, उन्होंने साल 1991 में पुलिस की नौकरी ज्वॉइन की थी। फिलहाल वे यूपी पुलिल में डीजी के पद पर विजिलेंस के रूप में काम करते हैं। आईएएस राजीव लखनऊ के रहने वाले हैं। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की हुई है। बता दें कि राजीव कृष्ण 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं जो कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के नोएडा के रहने वाले हैं। राजीव 26 जून 1969 को जन्मे थे। राजीव कृष्ण वर्तमान में सभी आईपीएस अधिकारियों में सीएम योगी के सबसे भरोसेमंद अफसर माने जाते हैं।

**सीडीएस अनिल....** कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे, बल्कि यह है कि हमने उड़ान भरी ही क्यों? (पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने की ओर इशारा) अच्छी बात यह है कि हमने अपनी रणनीतिक गलती को समझा, उस गड़बड़ी को सुधारा और ठीक कर लिया। इसके बाद हमने दो दिन बाद उस रणनीति को फिर लागू किया और अपने सभी जेट्स को उड़ाया और लंबी दूरी तक निशाना बनाया। (पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाने की घटना की ओर इशारा करते हुए)। जब उनसे पाकिस्तानी पीएम शहबाज के दावे को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। सीडीएस ने कहा कि बिल्कुल गलत, मैंने पहले ही कहा है कि यह अहम नहीं है कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, अहम सवाल यह है कि इसके बाद हमने क्या किया। इससे पहले, भारतीय वायुसेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ एयर ऑपरेशन्स एयर मार्शल एके भारती ने भी 11 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि लड़ाई में नुकसान होना सामान्य बात है, लेकिन हमारे सभी पायलट सुरक्षित घर लौटे। उन्होंने यह भी साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने पूरी ताकत से काम किया और दुश्मन को करारा जवाब दिया।

**देश के अंतिम...** समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री ने भी कहा कि हमारे संविधान ने 75 वर्ष के कालखंड में देश को प्रगति की ओर मजबूती से आगे बढ़ाया है। जब संविधान बन रहा था, तब कहा गया कि संविधान बहुत ज्यादा फेडरल है। तब बाबा साहब ने जवाब दिया था कि यह ऐसा संविधान है, जो सामान्य और आपात दोनों ही स्थितियों में भारत को एक और मजबूत रखेगा। आज हम देखते हैं कि हमारे पड़ोस के देशों में क्या स्थितियां हैं और वहीं भारत आज 75 वर्षों के बाद न सिर्फ प्रगति की ओर बढ़ रहा है, बल्कि जब-जब देश पर संकट आया उस समय यह एक मजबूत और यूनाइट रहा है। इसका श्रेय किसी को देना चाहिए तो वह भारतीय संविधान को देना होगा। अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे आनंद है कि भारत की उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद पहले आधिकारिक कार्यक्रम में ही मुझे प्रयागराज की पुण्य भूमि पर आने का अवसर मिला है। प्रयागराज से हमारा बहुत नजदीक का रिश्ता रहा है। अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। विधिक क्षेत्र में इस भूमि का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है। स्वतंत्रता के पूर्व देश के जो चंद सबसे अच्छे वकील गिने जाते थे उसमें मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, तेज बहादुर सप्रू ऐसे अनेक कानूनी विद्वानों का नाम लिया जाता है।

# यूपी को मिला पहला फुटवियर पार्क

**कानपुर, वार्ता**



औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश को पहला फुटवियर पार्क कानपुर के रमईपुर में मिला है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह पार्क लगभग 131.69 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त औद्योगिक वातावरण प्रदान करेगा।

यूपीसीडा की ओर से परियोजना के प्रथम चरण में कुल 75 औद्योगिक भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से 26 भूखंडों को अब 4600 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से निवेश मित्र पोर्टल पर निवेशकों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। निवेशकों के लिए आवेंदन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है। आवेदन के समय भूमि मूल्य का 5 प्रतिशत अग्रिम देना अनिवार्य होगा। आवंटन पत्र जारी होने के 60 दिनों के भीतर 20 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत राशि तीन वर्षों में समान वार्षिक किश्तों में 10 प्रतिशत ब्याज दर के साथ अदा की जा सकती है। समय पर पूर्ण भुगतान करने पर भूमि मूल्य में 2 प्रतिशत की छूट और एंकर यूनिट के रूप में निवेश करने पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 80 करोड़ है। इसमें 83 एकड़ क्षेत्र में 75 औद्योगिक भूखंड, 5-46 एकड़ में दो वेयरहाउस भूखंड, पांच किलोमीटर लंबा द्वैध सड़क नेटवर्क, पांच टन प्रतिदिन की क्षमता वाला ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, 10 एमएलडी जल आपूर्ति के लिए भूमिगत स्रोत, 10 किलोमीटर लंबा आरसीसी स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज नेटवर्क और 220 केवी सबस्टेशन से 40 मेगावाट विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था शामिल है। यूपीसीडा इस परियोजना को 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विकसित कर रहा है, जिसके तहत सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहले से तैयार कर निवेशकों को दी जाएंगी। इससे उद्योगों की स्थापना में समय और लागत की बचत होगी। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने कहा कि यह पार्क उत्तर भारत में फुटवियर उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा और हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य प्रदेश में निवेशकों को विश्वस्तरीय अधोसंरचना और उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बच्चों से पहले स्वयं बनें संस्कारवान: डा. रामकमलाचार्य

## कथाओं व सत्संग में परिवार के साथ जाएं, महायज्ञ एवं श्री रामकथा सुनने उमड़ रहे हैं लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो रहे चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा में शनिवार को प्रवचन सुनाते हुए कथावाचक काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने कहा कि सत्संग में परिवार के साथ सम्मिलित हों, अपने बच्चों को भी सत्संग में लाएं, जब बच्चे राम कथा, सत्संग आदि में आएंगे तो वे धार्मिक संस्कार और माता पिता और समाज की सेवा के महत्तव को समझ सकेंगे। कहा कि अपने बच्चे को साधु संतो को देखकर प्रणाम करने की आदत डलवाएं। उन्होंने माता पिता से



**■ कथावाचक ने प्रवचन व भजनों से किया भाव विभोर**

कहा कि जो संस्कार आप अपने बच्चों को देना चाहते हैं, उन्हें पहले आपको ही अपनाना पड़ेगा, तभी आपकी संतान आपका अनुसरण कर सकेगी। कहा कि मातृशक्ति को भी वैदिक ज्ञान रखना चाहिए, क्योंकि जब माता को वैदिक ज्ञान होगा तो वह अपने बच्चों को भी इसका ज्ञान दे सकती है। स्त्री ही बच्चों व परिवार को संस्कारवान बनाने में अहम कड़ी है। कहा कि ऐसा नहीं है कि बेटे ही कुल का मान बढ़ाते हैं बल्कि बेटियां भी कुल का मान सम्मान बढ़ाती हैं। राजा जनक को पूरी दुनिया उनकी बेटी सीता के कारण पहचानती है। कथावाचक ने अपनी मधुर वाणी से भजन सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। शाम के सात बजे आरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख यजमान पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, मुख्य संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ. वेदपाल सिंह, सह संयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह, पं.विजय शर्मा, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना आदि मौजूद रहे।



■ गजरौला। श्री रामकथा में संध्या के समय आरती करते श्रद्धालु।

# सात लाख लेकर दूसरे के नाम कराई रजिस्ट्री

## तीन के खिलाफ एसपी के आदेश पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सात लाख रूपये लेने के बाद भी भूमाफियाओं ने जमीन का बैनामा दूसरे का नाम करा दिया। एसपी के आदेश पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

नगर के मोहल्ला दानिशमंदान के रहने वाले शाजिया का आरोप है कि चार साल पहले मोहल्ला कुरेशी एक मीनार मस्जिद के पास रहने वाले शरफुद्दीन और नईम से 150 गज का प्लॉट का सौदा 7.30 लाख रुपये में तय हुआ था। इसके बाद शाजिया और उसके पति मोहम्मद यूसुफ ने घर के जेवर बेचकर 7 लाख रुपये शरफुद्दीन को दे दिए। बाद में आरोपी बकाया 30 हजार रुपये भी मांगने लगे। लेकिन अचानक घर में हुई परेशानी के कारण शाजिया और उसका पति मोहम्मद यूसुफ 30 रुपये नहीं दे पाए। तभी आरोपियों ने प्लॉट की रजिस्ट्री किसी दूसरे को कर दी। लिहाजा शाजिया और उसके पति मोहम्मद यूसुफ ने सरफुद्दीन व नईम से अपने रुपये मांगे तो लौटने से इनकार कर दिया। इस मामले में शाजिया ने एसपी अमित कुमार आनंद से शिकायत की। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में शरफुद्दीन, नईम और कामरान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## ससुराल पक्ष के लोगों को दो-दो साल की सजा, दोषियों पर 55 हजार रूपये जुर्माना

# विवाहिता को जिंदा जलाने में पति को उम्रकैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विवाहिता को जिंदा जलाने की वारदात में कोर्ट ने पति को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा दहेज प्रताड़ना में ससुराल पक्ष के पांच लोगों को दो-दो साल जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कटाई से जुड़ा था। यहां रहने वाले किसान नरेश कुमार ने अपनी बेटी अनीता की शादी एक मई 2014 को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अव्वलपुर निवासी चमन सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अनीता को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसी बीच 23 फरवरी 2019 को मिट्टी का तेल उड़ेलकर अनीता को आग के हवाले कर दिया गया था। शत-प्रतिशत झुलसने के कारण दिल्ली के बर्न सेंटर रेफर अनीता की 25 फरवरी की रात में वहां सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में विवाहिता के पिता नरेश कुमार ने पति चमन सिंह, जेठ मनोहरी लाल, भोजराज, जिठानी सोमवती, ससुर रघुवीर सिंह, सास रामेश्वरी, ननद दीक्षा व बहनोई शंकर के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में चमन सिंह, भोजराज सिंह, सोमवती, शंकर, रामेश्वरी देवी व रघुवीर के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित प्रथम ईश्वर सिंह की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी की पैरवी मजबूत रही। शनिवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई की गई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने पति चमन सिंह को दहेज हत्या का दोषी माना जबकि भोजराज सिंह, सोमवती, शंकर सिंह, रामेश्वरी देवी, रघुवीर सिंह को दहेज प्रताड़ना के मामले में दोषी करार दिया। अदालत ने पति चमन लाल को उम्रकैद तथा बाकी अन्य को दो-दो साल जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर 55 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 12 साल की सजा

## कोर्ट ने 25 हजार का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने अपहरण के बाद किशोरी से दुष्कर्म करने वाले युवक को 12 साल जेल की सजा सुनाई है। दोषी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोषी जमानत पर था, कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए बिजनौर जेल भेज दिया गया।

6 दिसंबर 2021 की घटना गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। घटना वाले दिन यहां रहने वाला एक किसान पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गया हुआ था। घर में उनकी 17 वर्षीय बेटी अकेली थी। पड़ोस के गांव ख्यालीपुर का रहने वाला संगीत किशोरी को घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म भी किया था। करीब एक महीने बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। मामले में पुलिस ने संगीत का अपहरण और दुष्कर्म के मामले में चालान किया था। रिमांड मंजूर करते हुए कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया था, फिलहाल वह इस मामले में जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम हेमलता त्यागी की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी की रही। शनिवार को कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने संगीत को दोषी करार दिया। 12 साल जेल की सजा सुनाते हुए 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## एक नजर

### अहिल्याबाई की जयंती पर निकाली रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर नगर में भव्य रैली निकाली गयी। जिसका जगह जगह स्वागत किया गया।जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर के नेतृत्व में पाल समाज के लोगों द्वारा लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते ललित तंवर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने समस्त जीवन लोगों को न्याय दिलाने में व्यतीत कर दिया। रैली में भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, चेयरमैन श्रीमति शशि जैन, ओमप्रकाश गोला आदि मौजूद रहे।

### ज्योति, ईरम व राहुल रहे प्रथम



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भाषण में ज्योति, पोस्टर में ईरम जबकि निबंध में राहुल कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। नायाब अब्बासी डिग्री कालेज में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले डा. महताब अमरोही ने योग पर महत्व डालते कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी है। इस दौरान भाषण में ज्योति, पोस्टर मे ईरम व निबंध में राहुल कुमार विजयी रहे। इस मोके पर प्राचार्या डा. लुबना हामिद, डा. मुबारक अली, रूचि अग्रवाल, डा. फरहा सिद्दीकी, डा. सरिता रानी, डा. तश्कील हैदर, डा. निकहत नकवी, कसीम अशरफ, डा. नसीम अहमद, मोहम्मद अजीम, जुनैद आलम, डा. संगीता गुप्ता, उजमा सैफी आदि मौजूद रहे।

### कारोबारी के परिवार से मारपीट में रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कारोबारी की गैर मौजूदगी में घर में घुसने वाले लोगों ने परिवार के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाली क्षेत्र में अतरासी रोड स्थित मोहल्ला शकूरपुरा में रहने वाले राजीव सिंह का आरोप है कि बीती 28 मई की रात वह किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। उनकी गैर मौजूदगी में हाल निवासी आवास विकास कॉलोनी द्वित्तीय जयवीर सिंह कॉलोनी में रहने वाले अपने साथी राजेंद्र जौहर व जयवीर को लेकर घर में घुस आया। गाली-गलौज करते हुए पत्नी, बेटी और बेटे के साथ मारपीट की। राजीव सिंह के मुताबिक अगर उस समय वह घर पर होते तो आरोपी जान से भी मार सकते थे। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।



■ मंडी धनौरा। किशोरी की बरामदगी को तहसील में ज्ञापन देते बजरंग दल कार्यकर्ता।

# किशोरी की बरामदगी को बजरंग दल का प्रदर्शन

## पुलिस के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर मंडी धनौरा और बछरायूं थाना पुलिस पर हिंदू किशोरियों के लापता होने के मामले में उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। संगठन के पदाधिकारी ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। चेतावनी दी हैं कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा।

शनिवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता संगठन के प्रांत को रक्षा प्रमुख पश्चिम उत्तर प्रदेश हेमंत सारस्वत के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर एकत्र हुए। कार्यकर्ता तहसील गेट से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए एसडीएम दफ्तर पर पहुंचे यहां विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि तहसील क्षेत्र में लगातार हिंदू समाज की लड़कियां गायब हो रही हैं यह बड़ी चिंता का विषय है। हेमंत सारस्वत ने कहा मंडी धनौरा और बछरायूं थाना क्षेत्र से लगातार समाज की बेटियों के गायब होने की जानकारी मिल रही है लेकिन पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे हिंदू समाज के साथ ही परिजनों में आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार के आदेश के बाद भी मस्जिदों में तेज आवाज में ध्वनि यंत्रों का प्रयोग किया जा रहा है लेकिन पुलिस मूर्कदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ईद का त्यौहार नजदीक है ऐसे में कहीं भी गौ हत्या को बर्दाश्त नही किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि सभी मांगे सप्ताह के भीतर पूरी नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। इस दौरान हेमंत सारस्वत, अशोक सैनी, सुरजीत सिंह, दीपक यादव, अंकित सैनी, भूपेश कुमार, विपिन कुमार, पीयूष शर्मा, रकम सिंह, कमल सिंह, राजेन्द्र सैनी, भूपेश, मयंक आदि मौजूद रहे।

# युवक पर फायरिंग का मुख्य आरोपी दबोचा

## कोर्ट से लौटते समय मारी थी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नेशनल हाईवे पर तीन दिन पूर्व कार सवार युवक पर अंधाधुंध फायरिंग करने की वारदात के मुख्य आरोपी हिमांशू नागरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से तमंचा भी बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद शनिवार को पुलिस ने चालान कर आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस अब फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। वहीं, जानलेवा हमले में घायल युवक की हालत में अब सुधार है।

जानकारी के मुताबिक गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी अभिजित उर्फ अमन सिद्दू अपने छोटे भाई लकी सिंह व निपेंद्र के साथ बुधवार शाम कार में सवार होकर कचहरी में तारीख पर पेश होकर गजरौला लौट रहा था। थाना क्षेत्र की सीमा में हाईवे पर झनकपुरी के पास पीछे से आई काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार युवकों ने ओवरटेक कार रुकवा ली थी और शीशे तोड़ने के बाद कार पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। दहशत फैलाने के लिए हमलवारों ने 12 राउंड फायरिंग की थी। जानलेवा हमले में पेट व बाएं हाथ में गोली लगने से अभिजीत लहूलुहान हो गया था। वहीं, लकी सिंह और निपेंद्र गोली की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए थे। फिल्मी अंदाज में हमला करने के बाद युवक स्कार्पियो में सवार होकर भाग गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को गजरौला सीएचसी में भर्ती कराया था, जहां से चिकित्सकों ने अभिजीत की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। मामले में पुलिस ने घायल अभिजीत के भाई दिपेंद्र की तहरीर पर क्षेत्र के गांव निपनिया निवासी हिमांशू नागरे, सौरभ नागरे व आदित्य नागरे के अलावा गजरौला क्षेत्र निवासी सगुन ढिल्लो तथा अज्ञात हमलवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस तभी से आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी हिमांशू नागरे की गिरफ्तारी हुई है। आरोपी के पास से तमंचे के अलावा एक जिंदा कारत. ूस व एक खोखा बरामद हुआ है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है, उन्हें भी जल्दी पकड़कर चालान किया जाएगा।

# नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी संग फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर में रखी नकदी व जेवरात लेकर युवती प्रेमी संग फरार हो गई। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। मामले में आरोपी प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस युवती की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक किसान समेत परिवार के अन्य लोग बीती 28 मई की रात घर में सोए हुए थे। रात में किसी समय किसान की बेटी घर से सोने-चांदी के जेवरात और 50 हजार रुपये लेकर गायब हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। मामले में किसान ने गांव नीलीखेड़ी के रहने वाले अंकुश के खिलाफ बेटी को बहला- फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि काफी समय से दोनों का प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने युवती को जल्दी बरामद कर आरोपी अंकुश को गिरफ्तार करने की बात कही।

# केयर हॉस्पिटल के संचालक तैयब चौहान पर मुकदमा

## नोडल अधिकारी ने 26 मई को किया था अस्पताल सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** केयर हॉस्पिटल के संचालक तैय्यब चौहान के खिलाफ डिडौली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शिकायत पर नोडल अधिकारी ने कुछ दिन पहले इस हॉस्पिटल में सील लगा दी थी।

मामला कस्बे में हाइवे स्थित मोहल्ला खेड़ा में संचालित केयर हॉस्पिटल से जुड़ा है। जिसका संचालन तैय्यब चौहान द्वारा किया जा रहा था। स्वास्थ्य अधिकारियों के संज्ञान में आया था कि यहां पर गांव गौसपुर मिलक के रहने वाले फुरकान की पत्नी गुलिस्ता, गांव पीलाकुंड की रहने वाली रीना और संभल जिले सत्तूपुर के रहने वाली संगीता का सिजेरियन ऑपरेशन हुआ था। इसके अलावा अन्य महिलाओं की डिलीवरी की कराई गई थी। शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी। बीती 26 मई को नोडल





अधिकारी डा.शरद कुमार, जोया सीएचसी प्रभारी डा. सुखदेव सिंह ने स्टाफ के साथ केयर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया था। टीम को अस्पताल में बुखार के मरीज भर्ती मिले थे। जांच पड़ताल के बाद नोडल अधिकारी ने हॉस्पिटल पर सील लगा दी थी, संचालक तैय्यब चौहान को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा था लेकिन उनके द्वारा अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया था। लिहा. जा, नोडल अधिकारी ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दे दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में केयर हॉस्पिटल के संचालक तैय्यब चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## हजारों जिंदगियों से तैयब कर चुका खिलवाड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** केयर हॉस्पिटल का संचालक तैयब चौहान बिना डिग्री के ही हजारों महिलाओं के ऑपरेशन कर चुका है। कस्बे के अलावा पूरे जिले में बेखौफ होकर बिना डिग्रीधारी तैयब चौहान हजारों महिलाओं के ऑपरेशन कर जिंदगी से खिलवाड़ कर चुका है।

**■ स्वास्थ्य विभाग की साठगांठ से चल रहा पूरा खेल**

उसे स्वास्थ्य विभाग का संरक्षण प्राप्त था। हर महीने महिलाओं की जिंदगी से खिलवाड़ करने की एवज में स्वास्थ्य विभाग को मोटी रकम देता था। यही कारण है कि आज तक उसका कुछ नहीं बिगड़ा। परन्तु जब भाजपा नेता पिंटू भाटी ने स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाया कि जिले में सैकड़ो अस्पताल अवैध तरीके से संचालित हैं तब स्वास्थ्य विभाग की नींद जागी तथा पहले नोडल अधिकारी डा. शरद कुमार ने उसका अस्पताल सील किया तथा आज तैयब चौहान के खिलाफ कोतवाली में मुक. दमा दर्ज कराया। तैयब चौहान अमरोहा, नौगांवा, धनौरा, हसनपुर, रजबपुर, डिडौली, मनोटा, पाकबड़ा जाकर अस्पतालों में ऑपरेशन करता था तथा इसकी एवज में वह तीन से चार हजार रूपये वसूलता था जबकि अस्पताल संचालक मरीजों से 20 से 25 हजार रूपये वसूली करते थे। तैयब अपने अस्पताल में भी रोजाना चार से छह ऑपरेशन करता था। उसके पास दो लग्जरी कारे हैं जिनसे वह दूर-दूर जाकर ऑपरेशन करता था। स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा कसने के बाद देखना है कि तैयब चौहान का अगला ठिकाना कहां होगा।

# जंगल में शौच को गई महिला की लूटी आबरू

## आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। जंगल में शौच को गई अकेली महिला को युवक खींचकर ले गया तथा बलात्कार किया। आरोपी युवक के खिलाफ पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि महिला को मेडिकल के लिये भेजा गया है।

घटना आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाली एक महिला शुक्रवार की रात अकेली जंगल में शौच को गई थी। उसे अकेला देख गांव के युवक की नियत डोल गई। उसने महिला को बुरी नियत से दबोच लिया तथा बिटौरे के पीछे ले जाकर बलात्कार किया। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंची विवाहिता ने घटना से पति को अवगत कराया। जिससे वह आग बबुला हो गया। उधर दिन निकलने पर पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची तथा आरा. ेपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि विवाहिता को मेडिकल के लिये भेजा गया है। उधर घटना से पीड़िता बुरी तरह सहमी है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक वह हाथ नहीं लगा था।

# 'दीदी की दुकान' की संचालिकाओं को युवाह ने दिए पंखे

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा

**■ जेबीएफ के सहयोग से चल रहीं हैं ये दुकानें**

बी-एबल फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 'दीदी की दुकान' संचालित करके सर्वाधिक सेल करने वालीं 15 महिलाओं कों यूनिसेफ (युवाह) द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप एसी/डीसी पंखे प्रदान किए गए ताकि वे भीषण गर्मी में बिजली नहीं होने पर ही दुकान पर बैठ सकें। शनिवार को भानपुर फाटक के पास स्थित ग्रामीण समृद्दि केंद्र पर 'दीदी की दुकान' प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी साजिद पाशा ने बताया कि जेबीएफ के सहयोग से क्षेत्र में 60 दीदी की दुकानें संचालित की जा रही हैं, जो भविष्य में बढ़कर सौ हो जाएंगी। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में



जुबिलेंट का यह बड़ा प्रयास है। संचालिकों ने जेबीए के सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर महिलाओं को तंबा. कू के दुष्प्रभावों के संबंध में भी जानकारी दी, साथ ही ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर जुबिलेंट के सीएसआर कार्यक्रम अधिकारी गौरव विशाल, प्रोग्राम कोर्डिनेटर चंदन प्रसाद, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह, बी एबल फाउंडेशन से उसमान पाशा, अभिषेक, मोहित, नासिर व अनुज मौजूद रहे।

# छात्रा ने फांसी पर झूलकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के चौपला चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 16-17 वर्षीय छात्रा ने फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। घटना के समय छोटा भाई घर पर मौजूद था, जिसने पड़ोस के लोगों को जानकारी दी, लोगों ने पहुंचकर उसे फंदे से उतारा, मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटना की जानकारी से इंकार कर रही थी। बता दें कि नोएडा में काम करने वाली एक युवती अपनी परीक्षा आदि के लिये दस दिन पहले ही अपने घर आई थी। शनिवार को दोपहर एक बजे का वाकया है। घर पर छात्रा और उसका छोटा भाई था। युवती किसी से फोन पर

**■ परीक्षा देने आई थी घर, नोएडा में करती थी जॉब**

बात कर रही थी, फिर अचानक वह रोने लगी। छोटे भाई ने रोने का कारण पूछा तो उसने कुछ नहीं बताया और कमरा बंद कर लिया और फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। छोटे भाई ने भागकर पड़ोस के लोगों को जानकारी दी, लोगों ने पहुंचकर छात्रा को फंदा काटकर नीचे उतारा, मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से परि. जनों में चीख पुकार मच गई। मौसी के घर गई हुई युवती की मां भी आते ही बेटी का शव देखकर गश खाकर गिर पड़ी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटना की जानकारी से मना कर रही थी।

# अहिल्याबाई ने भूखों के भरे पेट, मंदिरों का कराया निर्माण

## जयंती पर सपाईयों ने किए श्रद्धसुमन अर्पित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने भूखों को समय पर भोजन उपलब्ध कराया तथा बनारस के कांशी विश्वनाथ मंदिर में शिव. लिंग की स्थापना कराई। लोहिया नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई द्वारा किये गये समाज सेवा के कार्यो को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व मंत्री जगराम सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याई ने भारत के तीर्थ स्थलों पर मंदिरों का निर्माण कराया। जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी ने कहा कि इंदौर में इनका आलीशान महल है। जहां भादो मास में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में संतराम सिंह यादव, लगा सागर, चौ. भूपेन्द्र सिंह, मुमताज खां, राधेलाल रघुवंशी, योगेन्द्र सिंह, अतीक अहमद, विमल यादव, फिरोज खान, रविपाल चिकारा, जाकिर, नसीम चौधरी, गुडडू सैनी, खलिल अहमद, समरपाल यादव, नरेश मौजूद रहे।

# आदिल खान के कबूतरों ने सबको पछाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कबूतर बाजी की तीन दिवसीय प्रतियोगिता में आदिल खान के कबूतरों ने बाजी मार ली। समर्थको ने जीत होने पर आदिल खान का फूल मालाये पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

नगर के मोहल्ला नवाबान निवासी आदिल खान के कबूतरों की तीन दिवसीय तीन टीमों से प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें विरोधी टीम के 45 कबूतरों में थे 18 कबूतर लगे। दूसरी टीम के 45 कबूतरों में से 15 कबूतर लगे। जबके तीसरी टीम के 45 कबूतरों से 16 कबूतर लगे। जबके दूसरी ओर आदिल खान के 45 कबूतरों में 39 कबूतर लगे। जिससे उनके कबूतरों ने भारी अंतर से प्रतियोगिता को जीत लिया। समर्थकों एवं कबूतर बाजी के शौकीन लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आदिल खान का समर्थको द्वारा फूलमालाये पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मिठाई का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर रागिब कुरैशी, दिलावर खान, शिवली खान, शकील खान, फराज अहमद आदि मौजूद थे।



# परिवार की खुशहाली के लिए धूमपान से करें तौबा

## एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शनिवार को विश्व तंबा. कू निषेध दिवस पर पुलिस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबा. कू और धूमपान के सेवन से मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई।

एसपी अमित कुमार आनंद के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने न केवल स्वयं तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने का संकल्प लिया, बल्कि अपने परिवार, परिजनों और समुदाय को भी तंबाकू के उपयोग से बचाने के लिए प्रेरित करने का वायदा किया। एसपी ने तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू के उपयोग से न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि यह आसपास के लोगों के लिए भी खतरनाक है। तंबा. कू का सेवन कैंसर और हृदय संबंधी बीमारियों का प्रमुख कारण है।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखीं रचनात्मक गतिविधियां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में दस दिवसीय समर कैंप का शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सबकी सराहना प्राप्त की। समर कैंप में बच्चों ने

**■ रॉयल स्कालर्स एकेडमी में हुआ कैंप का समापन**

डांस, क्रिकेट, खो-खो एवं आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं, जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। समर



कैंप में लीना प्रभाकर, कविता, मंचल चौहान, रितू सिंह और के. स्पोर्ट्स के अध्यक्ष संदीप यादव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य समीर प्रभाकर ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए स्टॉफ का मनोबल भी बढ़ाया।

# बहन को बरामद करने की लगाई गुहार

**रहरा**। नाबलिग को युवक बहला फुसलाकर ले गया। भाई ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर बहन को बरामद करने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने थाने में तहरीर देकर बहन के बरामद करने की मांग की है। उसका कहना है कि उसकी नाबालिग बहन को अज्ञात व्यक्ति फुसलाकर ले गया। जिस समय उन्हें उसके गायब होने की जानकारी लगी तो रिश्तेदारियों व अन्य परिचितों के यहां तलाश किया। लेकिन नाबालिग का कोई सुराग नहीं लगा है। उधर 17 वर्षीय किशोरी के गायब होने से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर किशोरी के गायब होने से परिजन बुरी तरह परेशान है।

## एक नजर

### अहिल्याबाई से मिलती है सेवा व समपर्ण की सीख



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म जयंती के अवसर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने अपनी निधि से कुमराला पुलिस चौकी के पास निर्मित माता अहिल्याबाई होल्कर के द्वार का लोकार्पण किया। उन्हांने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर न्यायप्रिय शासन की प्रतीक थीं। उन्होंने मंदिरों, ज्योर्तिलिंगो का जीर्णोद्धार कराया तो वहीं साथ ही महिला सशक्तीकरण के लिये भी काफी कार्य किया। इस मौके पर भाजपा नेता अभिनव कौशिक, पाल सभा के जिलाध्यक्ष मदनपाल सिंह, संयोजक अंकुश पाल, रवि पाल, विपिन पाल, देवेन्द्र पाल, महेन्द्र सिंह प्रजापति, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### दो लाख के लिए विवाहिता को निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। नगर के मोहल्ला शफातपोता में आफताब हैदर का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी अलीशा की शादी 13 जुलाई 2021 को बिजनौर जनपद के खोड़पुरा गांव निवासी अब्बास के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले अलीशा को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में दो लाख रुपये लेने के बाद भी रवैया नहीं सुधारा। कई बार दोनों परिवारों के बीच समझौता हो चुका है। 15 मई को अलीशा अपनी ससुराल गई तो ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में पति अब्बास, ससुर मजहर अब्बास, सास तचीर, ममेरी सास हुमा, चचेरा ससुर भूरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### किसान के बेटे को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। घर के बाहर खड़े किसान के बेटों को पीटकर घायल कर दिया। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना गांव डिडौली की है। यहां पर किसान दिलशाद का परिवार रहता है। बीती 27 मई की शाम उनके बेटे अरसलान और अलशनद घर के बाहर खड़े थे। आरोप है कि गांव के रहने वाले निसार, अरबाज, फैजान और गुलशन ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। भीड़ लगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की पुष्टि की।

# फर्जी हैल्थ बीमे के नाम पर 11.21 लाख वसूले

## निजी बीमा कंपनी ने निजी अस्पताल संचालक के विरूद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक निजी अस्पताल ने कार्पोरेट कम्पनियों के कर्मचारियों के ग्रुप हैल्थ पॉलिसी के फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करके बीमा कंपनी से 11.21 लाख रूपये की राशि हड़प ली। कंपनी को संदेह हुआ तो भेजे गए 13 क्लेमों की जांच पड़ताल कराई गई, जिसमें फर्जीवाड़ा सामने आया। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि की ओर से राजीव अस्पताल के संच. ालक डॉ.राजीव सैनी के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जूनो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि अर्ध्य कुमार गौतम द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि उनकी कंपनी कार्पोरेट कंपनियों के कर्मचारियों के स्वास्थ्य

**■ पहले किए गए दावों के 26.90 लाख रूपये का भुगतान भी शक के दायरे में आया**

संबधी बीमा को कवर करती है, जिसके माध्यम से कर्मियों को कैशलेस उपचार मिलता है, संबधित अस्पतालों को पॉलिसी के नियम व शर्तो के अनुसार धनराशि भेज दी जाती है। आरोप है कि गजरौला स्थित राजीव अस्पताल के संचालक डॉ. राजीव सैनी ने 13 क्लेम दावे किए, जिनकी जांच में पाया गया कि यह दावे धोखाधड़ी करके प्रस्तुत किए गए हैं और इनमें लगाए गए दस्तावेज कूटरचित हैं। इनका भुगतान 11.21 लाख रूपये भी राजीव अस्पताल ने अपने खाते में लिया, जबकि ये दावे धोखाधड़ी के पाए गए हैं। कंपनी प्रतिनिधि का यह भी आरोप है कि जब कंपनी के द्वारा बनाए गए जांच दल ने अस्पताल संचालक आदि से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने जांच में कोई सहयोग नहीं किया। शनिवार को पुलिस ने जूनो कंपनी के प्रतिनिधि की तहरीर पर राजीव अस्पताल के संचालक डॉ.राजीव सैनी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रतिनिधि ने बताया कि इस अस्पताल को पहले भी हमारी कंपनी द्वारा 26.90 लाख रूपये की धनराशि क्लेम के आधार पर दी गई है, जिसकी जांच भी अब कराई जाएगी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मुक. दमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जा रही है।

# बाइक सवार महिला पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। पति के साथ दावत में शामिल होने जा रही महिला के माथे पर ईट मारकर युवक ने घायल कर दिया। जिससे गंभीर हालत में रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार संभल जनपद के गांव नारंगपुर का रहने वाली हरीश शर्मा पत्नी कामिनी को साथ लेकर बाइक से दावत में शामिल होने जा रहा था। जिस समय उसकी बाइक कस्बे के समीप पहुंची तो यहां के रहने वाले गौरव ने बाइक पर ईंट फेंकनी शुरू कर दी। एक ईंट कामिनी के माथे पर लगी। जिससे वह लहूलुहान हो गई। विरोध कराने पर आरोप युवक ने दम्पति के साथ गाली गलौच की। तहरीर पुलिस को दे दी गई है। महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गयाहै।

# नशा त्यागकर जिएं स्वस्थ जीवन

## सीएचसी में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नशा करने वालों को वृद्धावस्था से पहले ही कई गंभीर बीमारिया घेर लेती है।

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने से तरह-तरह की बीमारियां जन्म ले लेती हैं। उन्होंने बताया कम उम्र में नशा करने वालों को वृद्धावस्था से पहले ही कई गंभीर बीमारियां घेर लेती है। इनमें हृदय लोग ब्लड प्रेशर कैंसर शुगर और लीवर की बीमारियां हैं। उन्होंने कहा कि जब बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति उनके पास पहुंचते हैं तब तक बीमारियां गंभीर रूप धारण कर लेती हैं। नशे की लत से व्यक्ति न केवल शारी. रिक बल्कि सामाजिक आर्थिक और नैतिक पतन भी होता है। उन्होंने बताया कि 31 में को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर प्रियंका सिंह मनोज जोशी डॉक्टर अंजु डॉक्टर हमैरा आदि मौजूद थे।

# शिक्षामित्र की हार्ट अटैक से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। शिक्षामित्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिससे साथियों व परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। जबकि घरवालों का रोते-रोते बुरा हाल था। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव महरपुर गुर्जर निवासी ब्रजेश कुमार (38) गांव महमूदाबाद के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर तैनात थे। बीती रात आठ बजे अचानक उनके



सीने में दर्द उठा। परिजन हसनपुर के निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। उपचार के बाद भी जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक ने शिक्षामित्र को मेरठ के लिये रैफर कर दिया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले रास्ते में ब्रजेश कुमार की मौत हो गई। मृतक ने अपने पीछे पत्नी प्रीति के अलावा चार बेटियां छोड़ी है। बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मौ. मुशाहिद व पुत्रवधू इरम के व्यवहार से क्षुब्ध होकर संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है इनके किसी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है।

अब्दुल जब्बार पुत्र कल्लन
नि. मुहल्ला कुरैशियान हसनपुर
जि. अमरोहा

# कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

## पांच केन्द्रों पर 2269 परीक्षा होंगे परीक्षा में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच आज बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई जायेगी। इसके लिये पांच परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी। जबकि साल्वरों पर भी पैनी नजर रखी जायेगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कल (आज) जिले में बीएड प्रवेश परीक्षा सम्पन्न होगी। परीक्षा के लिये पांच केन्द्र जेएस हिन्दू पीजी कालेज ब्लाक ए, ब्लाक बी, जेएस हिन्दू इंटर कालेज, आईएम इंटर कालेज तथा राजकीय इंटर कालेज को केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा में



**■ बंद रहेंगी फोटो स्टेट की दुकाने, तीसरी आंख से होगी निगरानी**

2269 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को दो पालियों में सम्पन्न कराया जायेगा। पहले पाली सुबह नौ बजे से 12 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर दो बजे से सांय पांच बजे तक चलेगी। हर परीक्षा केन्द्र पर कड़ी निगरानी के लिये एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा परीक्षा पर नजर रखने के लिये दो सचल दल भी बनाये गये है। परीक्षा केन्द्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से होगी। परीक्षा की पूर्व संध्या पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यातायात को भी डायवर्ट करने के आदेश दिये गये है। जबकि फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहेगी। डीएम ने सभी अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण सम्पन्न कराई जानी है। एसपी ने सभी केन्द्रों पर पुलिस की तैनाती की है तथा जहां जरूरत है वहां महिला पुलिस कर्मियों को लगाया गया है।

## शहर में भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एक जून यानि, कल जिले में होने वाली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान शहर में कार समेत भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी। सभी परीक्षा केंद्र शहर के अंदर हैं। संकरी गलियां होने के कारण जाम न लगे इसके लिए पुलिस ने शहर में आने वाले कार समेत सभी बड़े वाहनों को डायवर्ट कर बाईपास से निकलने का फैसला लिया है।

**इन मार्गों से गुजरेंगे वाहन**

अमरोहा से मुरादाबाद जाने वाले वाहन नन्दन स्वीट् से कैलसा बाईपास होते हुए पाकवाड़ा होते हुए मुरादाबाद की ओर जाएंगे। नौगावा सादात से अमरोहा व मुरादाबाद को जाने वाले वाहन याहियापुर बाईपास से अतरासी चौकी हाइवे की ओर जाएंगे। नौगांवा से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन रज्जाकपुर बाईपास से धनौरा बाईपास से अतरासी चौकी हाइवे की ओर जायेगा। अतरासी चौकी से अमरोहा की ओर जाने वाले वाहन आरटीओ तिराहे से कल्याणपुरा रोड होते हुए बम्बूढ चौराहे से काकासराय होते हुए माया धर्मकाटा से अमरोहा में प्रवेश करेंगे। शहर अमरोहा से जोया/दिल्ली (हाइवे) की ओर जाने वाले वाहन काकासराय से बम्बूगढ़ से जोया की ओर जाएंगे। शहर अमरोहा से नौगांवा की ओर जाने वाला वाहन नन्दन स्वीट् से माया धर्मकाटा से कांठ रोड से बाईपास होते हुए नौगांवा की ओर जाएंगे। जोया से अमरोहा आने वाला वाहन बम्बूगढ होते हुए कांकरसराय होते हुए माया धर्मकांटा/कैलसा रोड होते हुए अमरोहा में प्रवेश करेंगे। कोई भी ई-रिक्शा व ऑटो नन्दन स्वीट से गांधी मूर्ति की ओर नही आएगा। सभी कैलसा बाइपास होते हुए कांठ रोड होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। जबकि बंबूगढ़ से रीगल-77 होटल तक सभी प्रकार के ई-रिक्शा व ऑटो पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगें।

# केनरा बैंक वी सी पॉइंट और जनसेवा केंद्र में दबंगों ने दिनदहाड़े की लूटपाट

**जन सेवा केंद्र संचालक के साथ की मारपीट सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मुझयाना निवासी बृजेश कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए अवगत कराया है की गांव में वह जन सेवा केंद्र और केनरा बैंक शाखा पुठी सराय का वीसी पॉइंट चलता है उसका आरोप है कि गांव के करीब दर्जन भर दंवगं लोग हाथों में लाठी डंडे और तमंचा लेकर दिनदहाड़े शैलेश कुमार, मनोज कुमार, नत्थूसिंह, अंशु सिंह, कैलाश कुमार, प्रिंस, कुमार आदि तमंचे के बल पर मिनी शाखा में रखें 177000 एक लाख सत्ततर हजार रुपए लूट ले गये कंप्यूटर सिस्टम भी तोड़फोड़ कर दी विरोध करने पर जनसेवा केंद्र संचालक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया और जान से धमकी देते हुए फरार हो गए घटना की सूचना पीआरबी पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच करने के बाद संबंधित थाना पुलिस को सूचना दे दी और पीड़ित को थाने भेज दिया जन सेवा केंद्र संचालक का आरा. ेप है कि थाने पहुंचकर तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मौके पर पहुंचना भी उचित नहीं समझा ना ही रिपोर्ट लिखी यह कहकर टरका दिया देख लेंगे उसने बताया घटना के 20 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है जबकि गांव में आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। इस संम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कंबोज ने बताया जन सेवा केंद्र संचालक और दूसरे पक्ष में 2000 दो हजार रुपए के लेनदेन को लेकर मारपीट हुई है घटना की तहरीर जन सेवा केंद्र की संचालक की ओर से प्राप्त हो गई है दोनों पक्षों को बुलवाया गया है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी लूटपाट करने का आरोप संदिग्ध है।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली रॉयल्स का दस दिवसीय समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली रॉयल्स द्वारा आयोजित दस दिवसीय कैंप का समारोहपूर्वक समापन हो गया। मुख्य अतिथि क्राइम इंस्पेक्टर एम.पी. सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ क्राइम इंस्पेक्टर एम.पी. सिंह द्वारा गणपति जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जायंट्स ग्रुप द्वारा आयोजित कैंप का मुख्य उद्देश्य छुट्टियों में बच्चों को ष्लर्न विद फनष्के आधार पर जोश, उमंग और उत्साह के साथ तनाव मुक्त वातावरण में नई - नई चीजे सीखने का मौका मिला। कैंप के दौरान बच्चों को



ट्रेंड टीचर्स और मेकअप आर्टिस्ट द्वारा कौशल विकास का महत्व समझाया गया और उन्हें हर विधा जैसे कि वैदिक मैथ, डांस, ढोलक, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, हेयर स्टाइल, सिलाई कढ़ाई आदि चीजों की बुनियादी जानकारियां दी गई। सर्व प्रथम ग्रुप के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का स्वागत, रोली चावल से तिलक करके और उन्हें पटका पहना कर किया। तत्पश्चात सभी बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। ग्रुप के अध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय, यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, कृष्णा गुप्ता ने उत्कृट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका सभासद कृष्णा गुप्ता, ग्रुप के सचिव आदित्य वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष डॉक्टर गौरव वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, क्षमा वार्ष्णेय, मनीष वार्ष्णेय, अंजली वार्ष्णेय, आंचल वार्ष्णेय, रजनी वार्ष्णेय, सचिन वार्ष्णेय, पिंकी वार्ष्णेय, शिव शंकर लाल, रेशम वती, रेखा वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, सीता वार्ष्णेय नीलम वार्ष्णेय, शिखा वार्ष्णेय, मीनू वार्ष्णेय, विवेक वार्ष्णेय, अंजलि वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# गांव के दो पक्षों में आपसी कहा सुनी को लेकर जमकर हुआ विवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार शाम बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मलखानपुर के दो पक्षों में आपसी कहासुनी को लेकर जमकर विवाद हो गया जिसमें दोनों पक्षों के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची डायल 112 व एंबुलेंस 108 ने घायलों को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे ला कर भर्ती कराया जहां दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है वहीं घायल अजय कुमार पुत्र चेतराम निवासी गांव मलखानपुर ने बताया कि वह पास के ही गांव शाह में साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदने गया था तभी वहां पर दूसरे पक्ष रंजीत पुत्र होते लाल ने मुझे कुछ पैसे मांगे मना करने पर रंजीत उग्र हो गया और अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दी सूचना मिलने पर मेरा छोटा भाई आशीष मुझे बचाने गया तो उसको भी साथ भी मारपीट कर दी।

# एसपी के.के. सरोज ने करोड़ों की लागत से बन रहे नये भवन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसपी देहात के.के. सरोज ने बिसौली कोतवाली परिसर में करोड़ों की लागत से बना रहे नए भवन का निरीक्षण किया।



उन्होंने ठेकेदार को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वही कोतवाली की चहारदीवारी निर्माण का जायजा लिया। कोतवाली के नए भवन में जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। कोतवाली भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शनिवार को एसपी देहात के.के. सरोज ने कोतवाली की नव निर्मित चहारदीवारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संवेदक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सरोज ने कहा कि सरकारी प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करें। इस दौरान इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, एसएसआई शिवेंद्र सिंह भदौरिया, चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के मेधावी छात्र - छात्राओं को जिले के उच्च अधिकारियों ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते शुक्रवार को जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज में हाई स्कूल व इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा में 75 % से अधिक अंक हासिल करने वाले मेधावी छात्र - छात्राओं को अधिकारों ने मेडल व प्रशस्ति - पत्र देकर उनका हौंसला बढ़ाया । इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव दबथरा के होनहार छात्र अजय यादव पुत्र अवलेश कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत व सतत प्रयास के बल बूते पर हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा 2024 - 25 में 600 अंकों में से 535 अंक हासिल कर त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज व अपने परिवार सहित गांव दबथरा व क्षेत्र का नाम उच्च पटल पर लिख दिया है । हाई स्कूल व इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा में त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के छात्र सतेंद्र पाल , छात्रा प्रियंका , अंशुल यादव , योगेंद्र सिंह , सत्यनारायण , राहुल ऋतिक कुमार , पल्लवी , हिमांशु , नवदीप , प्रमोद , अनामिका , प्रिंस , रुद्राक्ष , महिमा , कमल सिंह मौर्य , शिवानी , नेहा , धर्मेश कुमार व हर्षित यादव सहित लगभग 21 मेधावी छात्र - छात्राओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया । इस सम्मान समारोह में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को जिले के उच्च अधिकारियों ने सम्मानित कर मान बढ़ाया



जिससे छात्र - छात्राओं में बेहद उत्साह देखने को मिला । इस अवसर पर मुख्य अथिति मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ,विशिष्ट अथिति एडीएम प्रशासन अरुण कुमार , जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार एस पी सिटी विजेंद्र द्विवेदी व सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल सिंह ने मेधावी होनहार छात्र छात्राओं को उच्च पदों पर आसीन होने की इच्छा जताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की । इस दौरान त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य व प्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने सामूहिक रूप से सभी मेधावी छात्र छात्राओं को अनेकानेक मंगल कामनाएं प्रेषित की । जिले पर सम्मानित सभी मेधावी छात्र छात्राओं में भारी उत्साह नजर आया ।

# सेवानिवृत्ति पर कार्मिक को दी भावभीनी विदाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के सूचना कार्यालय में 30 वर्ष से अधिक के लम्बे कार्यकाल तक सेवाएँ देने के उपरांत शनिवार को मददगार पद पर कार्यरत सोमेन्द्र पाल सिंह के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर कार्यालय में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सूचना कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाते हुए उनकी दीर्घकालीन सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय कार्यों को पूर्ण मनोयोग से संपादित किया। सभी ने उनके स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुखद भविष्य की कामना की। अंत में उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला, सेवा. निवृत्त लेखाकार अरविन्द शर्मा, वरिष्ठ सहायक मु0 अगराज खाँ, सेवानिवृत्त कर्मचारी रामनाथ, सेवानिवृत्त कर्मचारी उदयराज सिंह, हरनाम सिंह, बहार हुसैन, अंशू, महेन्द्र पाल सिंह, सोमेन्द्र सिंह राठौर, मीडियाबंधु सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर भाजपा पदाधिकारीयों को किया नजरअंदाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुदायन।** नगर में कल नगर पंचायत कार्यालय पर अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई लेकिन भाजपा की मैन बॉडी जो कि अपने दम पर कुछ करती है चुनाव आने पर लेकिन नगर की भाजपा चेयरमैन सीमा चौधरी अनुपस्थित रही जबकि चेयरमैन प्रतिनिधि मुरली मनोहर ने नगर के शक्ति केंद्र सयोजक और सभी बूथ अध्यक्षों का सम्मान तो छोड़ो बैठने तक का नाम भी नहीं लिया और उनको नजर अंदाज कर दिया गया अपने कार्यलय पर किन्तु नगर के भाजपा पदाधिकारीयों में आक्रोश बना हुआ है। वो कहावत तो आपने सुनी होगी न कि अपना काम बनता और भाड़ में जाए जनता 'इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारती एवं भाजपा नेता मौजूद रहे।

# युवक ने बाबा साहब की अपमानजनक वीडियो की वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र में एक युवक ने बाबा साहेब का अपमानजनक वीडियो किया था वायरल थाना परिसर पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने दिया ।

धरना हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान. जनक एडिट करके वीडियो वायरल किया गया था वही जिसको लेकर आज शनिवार को भीम आर्मी के पदाधिकारी रायसिंह सागर ने बताया कि आरोपी युवक पर कार्रवाई नहीं होने पर भीम आर्मी के भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने वजी. रगंज थाने पर धरना प्रदर्शन किया और आरोपी युवक पर कार्रवाई हेतु शिकायती पत्र दिया गया है वही पुलिस द्वारा जांच पड़ताल कर विधि कार्रवाई की जा रही है।

# बिना हेलमेट के नगर के पकौड़ी व्यापारी की बाइक एक्सीडेंट में हुई मौत

कैलाश भारती,शाह टाइम संवाददाता

**इस्लामनगर।** नगर के वार्ड नंबर 2 के निवासी ओम प्रकाश चंद्रा के पिछले दिनों तीनों पुत्रों की मौत जवानी की अवस्था में हो गई। जबकि नगर निवासी ओमप्रकाश चंद्रा की मौत पहले हो चुकी है। बीती 30 मई की रात लकी चंद्र अपने साथी को पहुंचाने नजदीक के गांव ब्योर कासिमाबाद में रात के 10:30 बजे गया था। कि रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से लकी चंद्र की घटना स्थल पर मौत हो गई। जिसका मुख्य कारण हेलमेट ना लगाना है। विदित हो लापरवाह बाइक चालक झूठी शान शौकत दिखाते हुए बाइक तेज रफ्तार के साथ चलाते हैं। और बिना हेलमेट के सिर में चोट लगने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं।

यही कारण लकी चंद्रा 25 वर्ष के साथ हुआ। जो अपनी विधवा मां को इस दुनिया में रोने के लिए छोड़ गए। सूत्रों के अनुसार लकी चंद्रा बस स्टैंड मैन चौराहे पर पुलिस बूथ के पास पकौड़ी की दुकान चलाता था। और खाटू श्याम का पुजारी था। विदित हो खाटू श्याम के कीर्तन में बढ़-चढ़कर सहयोग करता था। जैसे ही श्याम प्रेमियों ने लकी चन्द्रा की मौत की खबर सुनी तैसे ही भक्तों में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों का तांता घर पर लग गया। लकी चन्द्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए बदायूं ले जाया गया। 31 मई की शाम को लगी चंद्रा का शव घर पर आया। और दाह संस्कार हुआ। मृतक के घर से रोने की आवाज निरंतर आ रही है। मृतक युवा भला था।

# लोथर में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती सहसवान विकास खण्ड की ग्रामपंचायत लोथर में शनिवार को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अहिल्या बाई के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला गया।ग्राम प्रधान श्रीपाल पाल ने अहिल्या बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता, समर्पण और धार्मिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि अहिल्या बाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौड़ी गांव में हुआ था। पिता मानकों सिंधे पाटीदार थे और माता का नाम सुशीला सिंधे था। उनका विवाह मात्र आठ वर्ष की आयु में खाडे राव से हुआ था।1754 में पति खाडे राव युद्ध में शहीद हो गए, तब अहिल्या बाई ने अकेले ही राजकाज संभाला। महारानी अहिल्या बाई कभी युद्ध नहीं हारी और हमेशा अजय रहीं। उन्होंने धर्म, संस्कृत तथा पुरुषार्थ के क्षेत्र में अपार योगदान दिया। 1780 में काशीनाथ विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने कहा कि हर नारी को अहिल्या बाई की तरह साहस और वीरता से काम करना चाहिए। अहिल्या बाई की मृत्यु 1795 में इंदौर में हुई थी।इस मौके पर वीरपाल पाल,जयवीर डीलर, महेश पाल,वीरेंद्र पाल, छत्रपाल सपेरा,कृष्ण पाल,राजेन्द्र पाल, देवेंद्र पाल,योगेश्वर पाल,देवेंद्र पाल, चेतन दादा पाल,उदयवीर पाल, नीरज कमल, पवन,रामपाल, शिवचरन, के साथ साथ अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# तम्बाकू के सेवन से होती हैं प्रांणघातक बीमारियां: एडीजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा शनिवार को जिला पुरूष चिकित्सालय, बदायूं में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा रिवन काटकर उक्त कार्यकम का प्रारम्भ किया गया उसके बाद सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्रीमती शिव कुमारी को उप मुख्य चिकित्साधिकारी, बदायूं व मुख्य चिकित्सा, अधीक्षक जिला पुरूष चिकित्सालय, बदायूं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। फिजिशियन, डॉ० हिरा आलम द्वारा



अपने वक्तव्य में तम्बाकू व गुलमं. जन से होने वाली गम्भीर बीमारियों व के वारे में विस्तार पूर्वक बताया। वरिष्ठ दन्त रोग विशेषज्ञ, डॉ० आरती सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में तम्बाकू से होने वाले कैंसर व अन्य घातक बीमारियों के वारे में विस्तार पूर्वक बताया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी बदायूं, डॉ० जावेद हुसैन, द्वारा अपने वक्तव्य में विभिन्न प्रकार के तम्बाकू उत्पादों व धूम्रपान से होने वाली प्राण घातक बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव के वारे में विस्तार पूर्वक बताया। असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, कशिश सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी आम जन मानस को 3 नये कानूनों के वारे में एवं धारा-12 के बारे में महिलाओं को घरेलू हिंसा से सम्बन्धित व एस०सी०/ एस०टी० एवं किसी भी जाति की महिला एवं बच्चों आदि कैटागिरी जो पात्रता की श्रेणी में आते हैं उनको नि:शुल्क अधिवक्ता भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं से दिये जाते हैं साथ ही नालसा स्कीम व महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के अत्याचार से सम्बन्धित भी विस्तार पूर्वक जानकरी प्रदान की गयी। अपर जिला जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित जन-सामान्य से अपील की गयी कि तम्बाकू से से होने वाली गम्भीर बीमारियां, जैसे मुंह एवं गले का कैंसर आदि जानलेवा रोग व्यक्ति को मृत्यु तैया पर पहुंचा देते हैं इस लिए किसी भी प्रकार के तम्बाकू का सेवन करने से बचना चाहिए ।इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है। यदि किसी प्रकार महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं एवं सम्बन्धित थाना में नि:संकोच केस दर्ज करा सकती हैं, महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया।

# ईद-उल-जुहा के दिन सार्वजनिक स्थानों पर न करें कुर्बानी: एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रिजर्व पुलिस लाईन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा की उपस्थिति में आगामी पर्वो को शांतिपूर्वक एवं सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई। आयोजित बैठक में जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुये धर्म गुरूओ, प्रबुद्धजनो द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये।

बैठक में प्रबुद्धजनो द्वारा जनपद में विद्युत व्यवस्था, सड़क, साफ सफाई, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था, जलभराव से संबंधित समस्याओ से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियो को व्यवस्थाओ को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि बकरीद पर प्रति. बंधित पशुओ की कुर्बानी न दी जाये। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को ईदगाह के आसपास साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने जलकल विभाग को पेयजल की व्यवस्था तथा संबंधित अधिकारी को बकरा मंडी में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी गणमान्यजन के साथ शांति समिति की बैठक आहूत की जाये। त्यौहार के दौरान किसी भी दशा में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियो से त्यौहार पर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। प्रशासन भी आमजन को सहयोग करने के लिए तत्पर रहेगा।

# प्रधान पति पर अवैध वसूली ओर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर सुरक्षा की लगाई गुहार**



आरोपी प्रधान पति विष्णु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को कस्बे के एक युवक ने लावड़ चौकी में तहरीर देते हुए क्षेत्र के एक गांव के प्रधान पति पर बार- बार परेशान कर अवैध वसूली करने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार लावड़ निवासी अनस पुत्र पप्पू ने चौकी में तहरीर देते हुए बताया कि वो अपनी बाइक से आसपास क्षेत्र में थैलों की फेरी करता है उसने बताया कि क्षेत्र के महल गांव निवासी ग्राम प्रधान पति विष्णु आए दिन उसके साथ गाली गलौज करता रहता है और कई बार उससे अवैध वसूली का दबाव बना चुका है। अनस ने बताया कि शनिवार को वो थैलों की फेरी करने के लिए गया था तभी कस्बे में सब्जी मंडी के पास प्रधान पति विष्णु तीन चार अन्य युवकों को साथ लेकर आ गया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा आरोप है कि अनस के विरोध करने पर विष्णु ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला करने की कोशिश की तभी वो किसी तरह वहां से भाग गया।

आरोप है कि विष्णु ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में भी प्रधान पति कई बार उसके साथ मारपीट कर चुका है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दे चुका है पीड़ित युवक ने एसएसपी मेरठ से प्रधान पति की शिकायत करने की बात कही है।

# अहिल्याबाई की जयंती पर कांग्रेसियों ने निकाली रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को पाल समाज द्वारा रिठानी स्थित पाल धर्मशाला से लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के मौके पर रैली का आयोजन किया गया।?

जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरव भाटी रहे। रैली शुरू होने से पहले अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर गौरव भाटी ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सय्यद आमिर रजा, कृष्ण पाल, मंगू पाल, जुबैर कुरैशी, राकेश कुशवाहा, नफीस सैफी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मतलूब गौड़ के बड़े भाई के इंतकाल के बाद किठौर पहुंचे रालोद के दिग्गज नेता

**बिजनौर के सांसद चंदन चौहान विधायक अशरफ अली सहित कई नेता दुख में हुए शामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ के बड़े भाई मौहम्मद इनाम का विगत दिनों लम्बी बीमारी के कारण देहांत हो गया था। शनिवार को उनको खिराजे अकीदत देने के लिए उनके निवास किठौर में बिजनौर सांसद चंदन चौहान, विधायक थानाभवन अशरफ



अली, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, नरेंद्र खजूरी सदस्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश, जिला अध्यक्ष शामली वाजिद अली, जिला अध्यक्ष सहारनपुर शाह जमा खान, जिलाध्यक्ष गाजियाबाद चौधरी रामपाल सिंह, युगांश राणा, शहजाद राणा, जिला अध्यक्ष मेरठ किसान प्रकोष्ठ सुबोध भदौड़ा, जिला पंचायत सदस्य दीपक गून, जिला पंचायत सदस्य अनिकेत भारद्वाज, सुधीर रमाला, अक्षय अतलपुर, सतेंद्र तोमर, चौधरी रतन सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, विकास भैंसा, ओमकार भदौड़ा, पुनीत गेझा, यासीन अंसारी, कांग्रेस नेता बदरुद्दीन, जितेन्द्र फौजी, शेरदिन, जीशान सिद्दीकी, नासिर गौताना, शहजाद भैंसा, मोहित डागर, अनस प्रधान असीलपुर,जफर प्रधान ललियाना आदि मुख्य रूप से उनके आवास पर गए और उनके बड़े भाई के निधन पर दु:ख व्यक्त किया और कहा कि उस दु:ख कि घड़ी में सम्पूर्ण राष्ट्रीय लोकदल उनके साथ खड़ा है।

# किसानों की फार्मर आईडी बनाने को लगाएं कैंप: डीएम

- डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पर विकास विभाग से संबंधित विभागों की रैंकिंग की, की बैठक
- सम्बंधित अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड में रैंकिंग सुधारने के दिए निर्देश




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।


बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व प्रधानमंत्री आवास योजना में जनपद की प्रगति कम है, जिसपर डीएम ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्य में गति लायी जाये, जिससे रैंकिंग में सुधार आ सके। बैठक में डीएम ने पाया कि ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन तथा मिड डे मील में रैंकिंग कम है, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुये इसमें अति शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिये।

बैठक में डीएम द्वारा उप निदेशक कृषि को निर्देश दिये गए कि किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में प्रगति अच्छी नहीं है, अतः इसका प्रचार-प्रसार कराते हुए तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाकर किसानों की फार्मर आईडी बनवायी जाएं। बैठक में डीएम ने कहा कि इसकी समीक्षा लगातार शासन स्तर से की जा रही है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वीके अरोड़ा, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. मनमोहन पाण्डे, उप निदेशक कृषि अभिनन्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सबसे बड़ा गुंडा मैं कहकर दोस्त ने सीने में दागी गोली

- 24 घंटे में संकित हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा





शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पराग डेयरी के मिल्क पार्लर संचालक संकित चौहान की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। दोस्तों ने संकित की हत्या की थी। पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने शराब पार्टी के दौरान नशे में कहासुनी के बाद हत्या की बात स्वीकार की है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने शनिवार को प्रेसवार्ता में घटना का खुलासा किया।

बारादरी थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर निवासी मिल्क पार्लर संचालक संकित चौहान (25) का शव बृहस्पतिवार रात कैंट थाना क्षेत्र में मोहनपुर पंचायत घर के सामने पड़ा मिला। उसके सीने में बाईं ओर गोली मारी गई थी। मृतक के भाई अंकित चौहान की ओर से कैंट थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस व एसओजी हत्यारोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस जांच में संकित के दोस्तों के नाम सामने आए थे।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि एसएचओ कैंट राजेश कुमार एवं चौकी प्रभारी नकटिया फोर्स के साथ आरोपियों की तलाश में लगे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि संकित चौहान के हत्यारोपी कठपुला पुल के पास से होकर जाने वाले हैं। इस पर टीम ने चेकिंग शुरू कर दी। तभी मनपुरिया मार्ग क्रबिस्तान की ओर से दो बाइक आती दिखाई दीं। पुलिस टीम ने टार्च की रोशनी से बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग कर दी। भागने के प्रयास में आरोपियों की अनियंत्रित होकर गिर गई।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश अमन उर्फ रितिक और जावेद के पैर में गोली लगी। दोनों को घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। इनके दो अन्य साथी आशीष उर्फ सोमू और अंशू को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। घायल आरोपियों से तमंचे और कारतूस बरामद हुए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। उपचार के बाद सभी आरोपियों से पूछताछ की गई। आरोपियों ने हत्या की बात कबूल की है। चारों आरोपी संकित के दोस्त हैं। ये लोग अक्सर शराब पीते थे।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि संकित चौहान की हत्या से पहले सभी ने साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद अपने दोस्त संकित चौहान से मिलने उसकी दुकान पर पहुंचे, जहां अंशू पहले से ही संकित चौहान के साथ मौजूद था। संकित और मुख्य आरोपी अमन दोनों ही जिद्दी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। इन दोनों में दुकान पर ही इस बात पर बहस हो गई थी कि सबसे बड़ा गुंडा कौन है। चारों ने दुकान पर ही मन बना लिया गया था कि संकित को दिखाते हैं कि कौन बड़ा गुंडा है। चारों अभियुक्तो ने साजिश रचकर संकित को विश्वास में लेकर शराब पीने के बहाने साथ ले गए। अमन अपने घर जाकर वहां से तमंचा लेकर आया। इसके बाद संकित चौहान को मोहनपुर से आगे ओर सुनसान मार्ग पर ले गए। अंशू, आशीष व जावेद ने संकित को पकड़ लिया। अमन ने तमंचे से उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद चारों फरार हो गए थे। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### पंचायत चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी अपना दल( एस )

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दि स्मृति अभियान के मद्देनजर अपना दल एस के जिलाध्यक्ष अनुज गंगवार शनिवार को गांव बिलसा में पहुंचे। जिलाध्यक्ष अनुज गंगवार का बिलसा पहुंचने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। अपना दल (एस) के जिला सचिव परितोष राजपूत विजेता के नेतृत्व में शर्बत वितरण का आयोजन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि इस बार उनकी पार्टी किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फैसला किया है कि वह इस बार होने वाले पंचायत चुनाव में गांव स्तर व जिलापंचायत स्तर पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। साथ ही सभी प्रत्याशियों को जिताने की कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष करन गंगवार, जिला महासचिव अवधेश गंगवार, भूपेंद्र पाल एडवोकेट, अजय गंगवार, ब्रजेश गंगवार, वीरपाल वर्मा, अतुल पटेल,राम प्रकाश गुप्ता, डॉ रामौतार गंगवार, एफ एस गुर्जर आदि मौजूद रहे।



### लाइसेंस शुल्क प्रस्तावित किए जाने के खिलाफ विधायक को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज।** पहली बार जिला पंचायत द्वारा प्राईवेट स्कूलों पर लाइसेंस शुल्क प्रस्तावित किए जाने को लेकर तहसील के निजी विद्यालय के प्रबंधक भड़क गए। शनिवार को उन्होंने क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को पत्र देकर प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क को खत्म किए जाने की मांग की।

प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिला उपाध्यक्ष टी आर गंगवार के नेतृत्व में शनिवार को तहसील के निजी स्कूल संचालक क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के कैम्प कार्यालय पहुंचे, और उन्हें हस्ताक्षर युक्त एक पत्र सौंपा। विधायक को सौंपे गए पत्र में निजी स्कूलों के संचालकों ने कहा कि पहली बार जिला पंचायत ने उनके विद्यालयों पर लाइसेंस शुल्क प्रस्तावित किया है, जबकि वह मामूली शुल्क पर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने विधायक डॉक्टर एमपी आर्य से जिला पंचायत द्वारा प्रस्तावित किए गए इस लाइसेंस शुल्क से निजी विद्यालयों को मुक्त किए जाने की मांग की है। इसमें ढाकन लाल गंगवार, शोभाराम प्रजापति, सुरेन्द्रवीर गंगवार, दीपचंद गंगवार, रोहिताश कुमार, रूपेश, सुरेंद्र, नरेन्द्र देव सहित दर्जनों निजी विद्यालयों के संचालक मौजूद रहे। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने प्राइवेट स्कूल संचालकों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### महिला मजदूरों से छेड़छाड़ का विरोध कर रहे ठेकेदार को तमंचा लहराकर दबंगों ने पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** तमंचे की दंश दिखाकर दबंग फलों की बगिया में काम कर रही मजदूर महिलाओं के बीच घुस गया। बगिया के ठेकेदार द्वारा विरोध करने पर दबंग ने तमंचा लहराते हुए साथियों के साथ मिलकर ठेकेदार की जमकर पिटाई लगा दी। दबंग का तमंचा लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

फरीदपुर की मोहल्ला लाइनपर मठिया निवासी अशरफ पुत्र असलम आरके कॉलेज के पास फलों की बगिया की ठेकेदारी करता है। बगिया में पुरुष एवं महिला मजदूर भी काम करते हैं। अशरफ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को वसीम पुत्र इतवारी निवासी ग्राम मझौआ अपने साथी नईम पुत्र इतवारी एवं अन्य साथियों के साथ बगिया में पहुंचकर महिला मजदूरों के साथ छेड़खानी करने लगा। आरोप है कि अशरफ ने दबंगों की बदतमीजी का विरोध किया तो नईम नाजायज तमंचा लहराते हुए वशीम और अन्य साथियों के साथ मिलकर अशरफ के साथ मारपीट करने लगा। जिसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए दबंग बगिया से फरार हो गए। अशरफ ने घटना की तहरीर थाना फरीदपुर में दर्ज कराई। नईम का तमंचे के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सवारी बिठाने को लेकर दो टैक्सी ड्राइवरों में घमासान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** सवारी बैठाने को लेकर दो टैक्सी चालक आपस में भिड़ गए। दबंग टैक्सी चालक ने फरीदपुर थाना क्षेत्र में पहुंचने पर दर्जन भर साथी बुलाकर दूसरी टैक्सी को घेर कर टैक्सी पर लाठी डंडे बरसाए। दबंग के हमले से टैक्सी के शीशे फूट गए, और एक टैक्सी सवार महिला यात्री के सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने थाना फरीदपुर में शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस ने पीड़ित पक्ष का ही टैक्सी मालिक पूछताछ के लिए थाने में बैठा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# अजय वाल्मीकि हत्याकांड के पांच आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

- दो साल पहले की थी वारदात

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** प्रेमनगर थाने से चंद कदम की दूरी पर हिस्ट्रीशीटर अजय वाल्मीकि की गोली मारकर हत्या करने वाले शूटर समेत पांच आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इन सभी के खिलाफ बारादरी थाने में इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय की ओर से गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हत्या और सट्टेबाजी में लिप्त इस गिरोह को डी-233 नंबर दिया गया है।

15 जुलाई 2023 को अजय वाल्मीकि की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अजय के पिता दयाराम ने राहुल, विनय राजपूत, नितिन राजपूत और सट्टा माफिया जगमोहन तन्नू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हत्याकांड के आरोपी तन्नू पर उस समय 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया। उसे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान भगवान स्वरूप उर्फ लाले का नाम भी प्रकाश में आया। इन दिनों तन्नू और लाले जमानत पर हैं, जबकि अन्य आरोपी अभी भी जेल में हैं।

आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद इनकी संपत्ति का ब्योरा जुटाया जाएगा। आरोपियों की काली कमाई को गैंगस्टर एक्ट के तहत चिह्नित कर इनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के खिलाफ पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं। गैंग लीडर विनय के खिलाफ चार, नितिन के खिलाफ तीन, राहुल पर दो, भगवान स्वरूप पर तीन और तन्नू पर 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के संपर्क में रहने वाले अन्य को भी चिह्नित कर रही है।

# कृषक दल ने उत्तम गन्ना खेती के पहलुओं को जाना

- बिजनौर जिले के प्रगतिशील कृषकों की खेती का किया भ्रमण



शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** बरेली जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा से 25 सदस्यीय कृषक दल एक्सपोजर भ्रमण के लिए आयुक्त गन्ना एवं चीनी उद्योग के आदेश पर पेड़ी गन्ना से अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु प्रदेश के अन्य चीनी मिलों को जनपद बिजनौर की चीनी मिल क्षेत्रों के प्रगतिशील कृषकों के क्षेत्र का भ्रमण कराने के निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को किसान सहकारी चीनी मिल्स सेमीखेड़ा के 25 कृषकों के दल द्वारा जनपद बिजनौर के द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ बहादरपुर का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण पर आए हुए कृषकों को ग्राम लोहारवाली (गन्ना विकास परिषद धामपुर) कृषक अक्षांश सिंह एवं श्रेय विशेष सिंह के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया।

सेमीखेड़ा चीनी के जीएम किशनलाल और गन्ना सचिव भोजीपुरा ने हरी झंडीं दिखाकर जनपद बिजनौर के लिए रवाना किया।

बिजनौर में भ्रमण दल के कृषकों ने पेड़ी प्रबंधन संयंत्र (आएएमडी) द्वारा तैयार की गई कोशा 13235 किस्म के गन्ने की पेड़ी को 0118 गन्ने की दूसरी पेड़ी, शरदकालीन बुआई में आलू सहफसल के साथ बोए गए सिंगल बड सिडलिंग द्वारा तैयार पौध से को .0118, को लख 14201, 16202 ड्रिप सिंचाई विधि एवं कार्बनिक खेती से आच्छादित प्रदर्शन प्रक्षेत्र का भ्रमण कराने के उपरांत एक सूक्ष्म गोष्ठी की गई।

गोष्ठी में द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ बहादरपुर के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) उमेश सिंह बिसेन द्वारा पेड़ी प्रबंधन, आरएमडी, ट्रैश मल्चर के प्रयोग, गैप फिलिंग, स्टबल सेविंग, 4-5 फीट चौड़ाई पर गहरी ट्रेंच में गन्ना बुवाई आदि पर चर्चा करते हुए इसके सही समय एवं इसके होने वाले फायदे पर विधिवत प्रकाश डाला गया।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर द्वारा मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए गन्ने की पत्ती को खेत में सड़ाने/मल्चिंग करने, गहरी जुताई, फसल चक्र एवं को 0238 के अतिरिक्त अन्य उन्नतिशील प्रजातियों की बुआई पर चर्चा की गई।

फार्म भ्रमण के उपरांत कृषकों को ग्राम रसूलपुर व प्रेमपुरी के कृषकों के फार्मों का भ्रमण कराया गया। कृषकों द्वारा गन्ने की पेड़ी प्रबंधन, उर्वरकों के प्रयोग, मात्रा एवं समय पर चर्चा की गई। भ्रमण पर आए कृषकों द्वारा खेतों में खड़ी विभिन्न उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों की पेड़ी एवं पौधे की फसल की भूरि भूरि सराहना की गई। भ्रमण दल के साथ गन्ना विकास विभाग बरेली के लोकनाथ, संतोष तोमर, सत्यवीर सिंह गन्ना पर्यवेक्षक भ्रमण दल के साथ उपस्थित रहे।

स्थानीय गन्ना विकास विभाग की तरफ से अमित पाण्डेय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर एवं द्वारिकेश चीनी मिल अफजलगढ़ बहादरपुर की तरफ से मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) उमेश सिंह बिसेन एवं सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) डॉ. रजनीश सिंह एवं इनकी समस्त टीम उपस्थित रही।

# ईद उल अजहा को लेकर थाना परिसर में हुई मीटिंग

शाह टाइम्स संवाददाता



**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना परिसर में ईद उल अजहा के त्योहार को लेकर एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सीओ हाइवे निलेश मिश्रा थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी, एसएसआई विश्वदेव सिंह,चौकी प्रभारी अनूप सिंह सहित नगर के धर्मगुरु और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

इस दौरान सीओ हाइवे निलेश मिश्रा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले स्थान पर कुर्बानी न करे और सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट न डाले त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाएं

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि ईद की नमाज ईदगाह परिसर में ही अदा की जाए, सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। उन्होंने लोगों से त्योहार को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की तथा पुलिस प्रशासन को सहयोग देने की बात कही।

चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने कहा कि ईद उल अजहा पर कुर्बानी खुले में ना करें यदि किसी को कोई समस्या हो तो सीधे मुझसे संपर्क करें पुलिस का सहयोग करें पुलिस आपकी मित्र है।

एसएसआई विश्वदेव सिंह ने कहा कि त्योहार पर किसी भी खुराफाती को खुराफात करने पर बख्शा नहीं जाएगा अगर कोई भी खुराफाती के खुराफात करने की सुचना तुरंत पुलिस को दे।

अंत में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने सभी धर्मगुरुओं और नागरिकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पीस कमेटी की बैठक में सभी का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने अपील की कि त्योहार के दिन किसी को कोई भी समस्या हो तो तुरंत फोन के माध्यम से पुलिस को अवगत कराएं ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। इस मौके पर कस्बा व थाना क्षेत्र की मस्जिदों के इमाम और तमाम संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं के विरोध पर बैरंग लौटी टीम

शाह टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज।** रजिस्ट्री कार्यालय के निकट मार्केट के व्यापारी आदर्श विभु गुप्ता द्वारा कार्यालय के सामने फल, सब्जी के फड़ लगाकर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए 17 मई को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी, जिसपर एसडीएम ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को कार्यवाही के आदेश दिए थे।

इन आदेशों पर शनिवार को नगर पालिका परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह परिषद की टीम और पुलिस बल को लेकर बाजार रोड पर रजिस्ट्री कार्यालय के सामने लगे सब्जी फड़ वालों को हटवाने पहुंची, और उनसे तत्काल अपने अपने फड़ हटाए जाने की चेतावनी दे डाली। टीम की इस चेतावनी पर सब्जी फड़ वालों ने अपना-अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। इसी दौरान इसकी भनक अधिवक्ताओं को लग गई, जिसपर वहां पहुंचे संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार, पूर्व अध्यक्ष सुधाकर लाल रस्तोगी, श्रीपाल गंगवार, हरिप्रसाद गंगवार, ताहिर अंसारी, अजय कुमार, विनोद कुमार, जमील अहमद अंसारी, विपिन पाण्डे आदि स्थल पर जा धमके, और गरीब सब्जी फड़ वालों को हटाए जाने का विरोध किया, कहा कि कस्बे के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण नहीं है, शिकायत करने वाले के भाई की दुकान नाले पर बनी है, यह अतिक्रमण नगर पालिका को दिखाई नहीं दे रहा है, यह गरीब लोग सब्जी बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं, यह अतिक्रमण दिखाई दे रहा। अधिवक्ताओं के कड़ा विरोध करने पर नगर पालिका की टीम बैकफुट पर आ गई, और बिना अतिक्रमण की कार्यवाही के बैरंग लौट गई।

# मदरसा संचालक के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** शिक्षण संस्थाएं जहां शिक्षा देने का काम करती है, लेकिन कुछ संस्थान में प्रबंधक अपने गलत व्यवहार के चलते इस पेसे को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। मदरसे में एक प्रबंधक ने टीचर से दुष्कर्म करने का प्रयास, पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

मामला फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के एक मदरसे में जहां मदरसा संचालक के खिलाफ टीचर के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की उन्होंने बताया मेरी पुत्री मदरसे गुलशन जहरा में पढ़ाने जाती है। जुमे होने के नाते अवकाश था,इस के बाबजूद मदरसे का मालिक जुवैर पुत्र अब्दुल वसीर उर्फ मुन्ने नि० वार्ड14 कस्बा फतेहगंज पश्चिमी का फोन आया और मदरसे मे जरुरी काम के बहाने बुलाया मेरी पुत्री मुझे से मदरसे से फोन आने को कह कर गयी समय लगभग 8.30 मेरी पुत्री जब मदरसे की छुटटी का समय समाप्त हो गया उसके बाबजूद भी पुत्री घर पर नही पहुंची तो मैं अपनी पत्नी को साथ लेकर पुत्री को देखने मदरसे पहुंचा तो वहाँ मेरी पुत्री बेहोश हालत में थी उसकी सलवार फटी हुयी थी कपडे अस्थ व्यस्त थे।मै बेहोशी की हालत उसे सरकारी अस्पताल में उपचार के लिये ले गया मेरी पुत्री अभी भी होश में नही आयी है मेरी पुत्री के साथ मदरसे के मालिक ने बहाने से बुलाकर उसके साथ गलत काम किया है।

पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी मदरसा संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# योजनाओं के सम्बन्ध में डीएम ने की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शनिवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नगर निकायों के टाइड-अनटाइड की धनराशि की कार्ययोजना, वंदन योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि नगर निकायों में जो भी कार्य किये जायें उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने समस्त ईओ को निर्देश दिये कि जिन जगहों पर अभी तक लाइटें नहीं लग पाई हैं, उन स्थानों पर अतिशीघ्र लाइटें लगवाई जाएं, और नगर निकायों में जो वाटर कूलर लगवाए जाएं वह उच्च क्वालिटी के लगाए जायें। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि नगर निकायों के शौचालय में टाइलीकरण का कार्य तथा साफ-सफाई उचित प्रकार से कराई जाए। समस्त ईओ को निर्देश दिए।

# रिछा सीएचसी पहुंचीं अपर आयुक्त के सामने खामियों को ढका गया

- रिछा राइस मिलर्स ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने इंडस्ट्रियल के लिए अलग विधुत उपकेन्द्र की मांग रखी
- अपर आयुक्त ने अभयपुर में किया सरकारी योजनाओं का सत्यापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** बरेली मंडल की अपर आयुक्त प्रीति जयसवाल शनिवार को आकांक्षी ब्लॉक दमखोदा (रिछा) के अभयपुर में सरकारी योजनाओं का सत्यापन करने के

बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) रिछा पहुंचीं। इस दौरान उन्हें सब ठीक दिखाने के लिए आमघ दिनों में दिखने वाली खामियों को ढक दिया गया।

अपर आयुक्त प्रीती जयसवाल सबसे पहले गांव अभयपुर पहुंचीं, यहां उन्होंने कंपोजिट विद्यालय में बनी लैब को देखा, और यहां चल रहे समर कैम्प का जायजा लिया, और गांव में सरकारी योजानाओं का जायजा लिया। इसके बाद वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) रिछा पहुंचीं, इस दौरान सीएचसी इंचार्ज डॉ० शशांक यादव ने उनका स्वागत किया। इस दौरान स्टैचर पर चादर भी रखी गई, और रोगियों के लिए ठंडा पानी के लिए वाटर कूलर भी रखे गए, और अन्य खामियों को भी ढक लिया गया। अपर आयुक्त ने सीएचसी परिसर कोघ देखा, और जरुरी दिशा-निर्देश सीएचसी इंचार्ज को दिए।

इस दौरान राइस मिलर्स ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन रिछा के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ और नसीमुर्रहमान समेत अन्य मिलर्स अपर आयुक्त से मिले, उनके साथ वार्ता कर मिलर्स और आम जन-मानस की समस्याओं से रुबरु कराया। इस दौरान अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने रिछा इंडस्ट्रियल में 60 राइस मिल होने का हवाला देते हुए कहा कि रिछा कस्बे और रिछा इंडस्ट्रियल के लिए 33/11 केवीए विधुत उपकेन्द्र पर एक ही एमवीए का ट्रांसफर होने पर बिजली समस्या हो रही है। उन्होंने बिजली घर में पड़ी जगह पर ही इंडस्ट्रियल के लिए 33/11 केवीए का एक विधुत उपकेन्द्र बनाए जाने, और रास्ते की मांग रखी, और रिछा सीएचसी को सीएचसी का कोर्ड दिलाकर पूर्ण रुप से सीएचसी का दर्जा दिलाने की मांग रखी।

अपर आयुक्त ने सभी समस्याओं को अलग-अलग लिखकर देने कोघ कहा, और अपने या शासन स्तर से पूरा कराने का भरोसा दिया। कुपोषण के खात्मे के लिए मिलर्स से गोद लेने पर भी बात हुई। मिलर्स में कार्यरत कर्मचारियों और मिलर्स के हेल्थ चेकअप करने और जन औषधि केन्द्र खोलने पर भी बात हुई, अपर आयुक्त इसके बाद गांव सिमरा भी गईं।

# बार अध्यक्ष को गुंडा कहे जाने पर पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी की शनिवार को हुई बैठक में जहां सोमवार से सभी प्रत्याशियों की जमानत राशि वापस किए जाने का निर्णय लिया गया, वहीं संगठन के अध्यक्ष को गुंडा कहे जाने पर बार के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी की अध्यक्षता में हुई संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में जहां सोमवार से सभी प्रत्याशियों की जमानत राशि वापस किए जाने का निर्णय लिया गया, वहीं संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी को गुंडा कहे जाने पर कार्यकारिणी के सदस्य विनोद कुमार मिश्रा के प्रस्ताव पर पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र पाल सिंह गंगवार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया। इसके साथ ही संगठन की कार्यकारिणी के चुनाव के लिए बार कौंसिल से दिशा-निर्देश मांगे जाने का निर्णय लिया गया, दिशा-निर्देश मिलने के बाद ही आगे चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया। यहां अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद गंगवार,दुष्यंत गंगवार, आनन्द कुमार, मो. ताहिर अंसारी आदि थे।

# गोमती उद्गम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम, जल्द बहेगी अविरलधारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने आज मॉ गोमती उद्गम की अविरल धारा के पुरनौद्वार कार्य हेतु निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अविरलधारा हेतु नहर का पानी को गोमती में लाने हेतु व्यवस्थाओं को देखा। गोमती उद्गम स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और इसका सौन्दर्यीकरण हेतु टीम के साथ भी विचार–विमर्श किया गया।

टीम के द्वारा गोमती के स्त्रोतों की जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा अवगत कराया गया कि गोमती उद्गम स्थल के पुरनौद्वार करने एवं पानी की उपलब्धता हेतु मास्टर प्लान बनाया जाना है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही टीम द्वारा प्लान तैयार कर शासन को भेजा जायेगा। शीघ्र ही गोमती में अविरल धारा बहेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने गोमती उद्गम स्थल पर बने शौचालय का निरीक्षण



किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालय में गन्दगी व पानी की व्यवस्था न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये साफ सफाई करने तथा पानी हेतु नया टैंक रखने हेतु तथा एक और शौचालय निर्माण कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये। इसके साथ ही लाईट की समस्या से के बारे में ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने सोलर पैनल लगवाने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान कूडा पाए जाने पर कूडा हेतु एक निश्चित स्थान चिहिन्त करने के निर्देश दिये।

# घुंघचाई में धूमधाम से निकाली गई विशाल कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के कस्बा घुंघचाई की मंडी स्थल पर सात दिशवीय सामूहिक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया।कलश यात्रा के दौरान बडी संख्या में लोग व महिलाएं शामिल हुई। कस्बा घुंघचाई के मंडी स्थल पर लोगों के सहयोग से सात दिवसीय सामूहिक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरु कर दिया गया है।पहले दिन शनिवार को वैदिक विधि विधान से कलश का पूजन कराया गया। उसके बाद गाजे–बाजे के साथ ट्रैक्टर ट्रालियों से बिशाल कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा धार्मिक स्थल से चलकर सिमरिया, चंदोखा, गरीवपुर, अजीतपुर बिल्हा, केशोपुर, जितौरिया टांडा, पुन्नापुर होते हुए इकोत्तरनाथ मंदिर पहुंची। जंहा भक्तो ने गोमती नदी से जल भर कर गांव में भ्रमण करने के बाद कलश स्थापित किए। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने धार्मिक उद्घोष लगाकर वातावरण को भक्ति में कर दिया। पवित्र जल प्रमुख देवी स्थानों पर चढ़ाया गया।

# भाकियू (भानु) के नाम पर फर्जी नियुक्तियों से सावधान: संगठन ने किया अलर्ट असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने एक प्रेस नोट जारी कर जनपद पीलीभीत में संगठन के नाम पर की जा रही फर्जी गतिविधियों पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व संगठन से जुड़ा होने का झूठा दावा कर आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं और स्वयंभू पदाधिकारी नियुक्त कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अवैध व भ्रामक है। श्री क्रोधी ने स्पष्ट किया कि संगठन द्वारा ऐसी किसी नियुक्ति को न तो स्वीकृति दी गई है और न ही यह संगठन की जानकारी में है। उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसे किसी भी व्यक्ति से सतर्क रहें, जो भारतीय किसान यूनियन (भानु) के नाम पर पद के बदले धन की मांग करता हो या लेता हो। ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा, संगठन का उससे कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन से जुड़ने की इच्छा रखने वाले लोग केवल अधिकृत पदाधिकारियों से ही संपर्क करें और किसी प्रकार के झांसे या भ्रम में न आएं।

# आइलेट्स संचालकों पर दर्ज मुकदमा वापस न लेने पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ठगी करने वाले आइलेट्स संचालकों पर दर्ज मुकदमा वापस न लेने जानलेवा हमला किया गया। आरोपियों के रिश्तेदारों ने घर में घुसकर जमकर मारपीट की। मौके पर मौजूद लोगों के पहुंचने पर सभी की जान बच सकी। रास्ते में रोक कर भी हमला किया गया। इसके बाद मुकदमा वापस न लेने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देकर चले गए। मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामलों में पिछले दिनों ताबड़तोड़ मुकदमे दर्ज हुए थे। तत्कालीन एसपी अविनाश पांडेय और पूरनपुर कोतवाल रहे नरेश त्यागी के प्रयास की काफी सराहना हुई। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव मैनी गुलरिया निवासी गुरप्रीत सिंह के भाई गुरसेवक सिंह पुत्र गोपाल सिंह ने भी विदेश भेजने के नाम पर ठगी में जुपिटर प्लांट्स ओवरसीज के प्रोपराइटर कुलवंत सिंह आदि पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसको लेकर गांव में रहने वाले कुलवंत सिंह के रिश्तेदार पिता पुत्र निर्मल सिंह व दलवीर सिंह रंजीत मान्य लगे 27 मई सुबह 8 बजे युवक अपने घर पर था। तभी दोनों पिता पुत्र हाथ में डंडा बांका लेकर गाली गलौज करते हुए पहुंच गए। इसके बाद घर में घुसकर दर्ज मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। मना करने पर युवक के सिर पर जानलेवा हमला कर बांके से प्रहार कर दिया। बचाने आई मां को भी पीटा। इसमें मां बेटे के सिर व शरीर में गंभीर चोटे आई थी। युवक की मां बेहोश होकर गिर गई थी। शोर सुनकर तमाम लोग पहुंच गए थे। तभी आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए थे। 25 मई को भी आरोपियों ने युवक और उसके भाई राजवीर सिंह को रास्ते में रोककर हमला किया था। इसकी वीडियो भी उनके पास है। घटना को लेकर सभी डरे हुए हैं मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किंग सिक्योरिटी को जारी किया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** नगर निगम क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा प्रातः नियमित रूप से विभिन्न वार्डों एवं गलियों में जाकर सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर आयुक्त द्वारा वृंदावन जोन अंतर्गत पागल बाबा मंदिर से रंगजी मंदिर मार्ग तक की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र में सफाई कर्मियों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नगर आयुक्त द्वारा उस क्षेत्र में कार्यरत करदाई संस्था किंग सिक्योरिटीष् को कड़ी चेतावनी सहित नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त, गौरा नगर स्थित सीएफसी नाले की सफाई स्थिति का भी गहन परीक्षण किया गया, जहाँ मार्ग में जमी हुई सिल्ट को चिन्हित कर, उसे तात्कालिक रूप से हटाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए कि स्वास्थ्य विभाग के जोनल सेनेटरी ऑफिसर एवं सफाई निरीक्षक प्रातः पांच बजे से क्षेत्र में उपस्थित रहकर सफाई कार्यों का पर्यवेक्षण करें और स्वयं अपनी उपस्थिति में कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि क्षम्य नहीं होगी, तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि नगर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चंद्र सफाई निरीक्षक श्री सुभाष चंद्र उपस्थित रहे।

# कालप्रो स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड बरहना से लिए 10 नमूने



**मथुरा।** सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह एवं खाद्य सचल दल द्वारा कोस. ीकलां स्थित कालप्रो स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड बरहना, कोसीकलां, मथुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विनिर्माण में प्रयुक्त होने के लिए रक्षित किए गए कुछ खाद्य उत्पाद तथा खाद्य सहयोज्य के बारे में प्रतिष्ठान मैनेजर द्वारा संतोषजनक उत्तर न दे पाने के कारण अग्रिम आदेशों तक उपयोग न करने के लिए आदे. शित करते हुए सामग्री को होल्ड करके खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में दिया गया। प्रतिष्ठान से स्किम्ड मिल्क पाउडर, रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, बटर, गाय का घी, व्हे प्रोटीन

# निर्मल इनिशिएटिव द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मथुरा।** निर्मल इनिशिएटिव द्वारा आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ''महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध, और प्रतितोष) अधिनियम, 2013'' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शासकीय कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समितियों (प्ब्ब्) का क्षमता निर्माण करना है। कार्यशाला में जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे की अध्यक्षता में मथुरा जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, शिकायतों की निष्पक्ष जांच, समिति गठन की प्रक्रिया, मीटिंग रजिस्टर बनाए जाने की प्रणाली, शिकायतों की दर्ज प्रक्रिया, वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के दिशा–निर्देश तथा कार्यस्थल पर प्रचलित लैंगिक पूर्वाग्रहों को समझने और चुनौती देने जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानक. ारी दी गई। जनपद के कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद के मार्गदर्शन में पॉश कानून पर इस तरह की कार्यशाला पूर्व में 30 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी थी। जिसमें आईसीसी के गठन और उनके कार्यान्वयन के विषय में चर्चा की गई थी। आज की कार्यशाला उसी श्रृंखला की अगली कड़ी थी, जिसमें व्यावहा. रिक प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया। निर्मल इनिशिएटिव द्वारा आयोजित यह कार्यशाला कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और कई व्यवहारिक प्रश्नों पर चर्चा की, जिससे यह आयोजन अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावशाली सिद्ध हुआ।

# देश की उन्नति में पत्रकारों की अहम भूमिका: लक्ष्मी नारायण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रही है। आज देश को एक नई दिशा और दशा देने में पत्रकारों की सबसे अहम भूमिका है। सरकार को बदलने तथा सरकारी तंत्र से कैसे काम कराया जाए, पत्रकार इसमें स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। शुक्रवार की रात्रि में नंद नंदनम परिसर में सम्मेलन का शुभारम्भ चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जलन करके किया। चौधरी ने कहा कि पत्रकार नारद मुनि का ही रूप होता है। सतयुग से ही पत्रकारिता किसी न किसी रूप में चली आ रही है। महर्षि वाल्मीकि बाल्मिकी ने भगवान राम के चरित्र पर पहले ही पूरा व्याख्यान लिख दिया था। कवि जमील रौनक ने ऑपरेशन सिंदूर देशभक्ति और कोसी के लोगों पर सुंदर कविता सुनकर सभी को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। गाजियाबाद से आए कवि कुलदीप सक्सेना ने अपनी रचना पेश की। कमल किशोर वार्ष्णेय, बलराम चौधरी, देव शर्मा ने आज के समय में पत्रकारों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और पत्रकार का के स्वरूप के विषय में बताया। श्री कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा को पंडित किशोरी श्याम विधायक सम्मान से सम्मानित किया गया। भूमेश रोहिल्ला, राहुल सक्सेना, विजय शर्मा, सोनू गोयल, मनोज माथुर, विष्णु कुमार, हसीन रौनक, मनीष गर्ग, भारत शर्मा, लोकेश गौड़, अंकित पालीवाल आदि ने कैबिनेट मंत्री चौधरी को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संजीव जाबिया, देशबंधु अग्रवाल, कन्हैयालाल गोयल, कर्मवीर चौधरी, हरिओम गुप्ता, वेदप्रकाश गोयल, सुभाष बासईयां, लवली वर्मा, पवन अग्रवाल, दीपक बडगूजर, सौरभ जैन, अजय मंगला, हरेंद्र ठाकुर आदि थे। अध्यक्षता सुभाष गोयल, संच. ालन राहुल सक्सेना ने किया।

# पुरानी रंजिश को लेकर अधेड़ को गोली मारी, गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** पुरानी रंजिश को लेकर दो आरोपियों ने एक अधेड़ को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। मौके पर एकत्रित भीड़ ने आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से बाइक और तमंचा बरामद किए है।जानकारी के अनुसार पैगांव ने निवासी मोहन और पलवल निवासी महेंद्र द्वारा 17 फरवरी 2014 कोसीकलां केनरा बेंक में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। बैंक लूट योजना में राधाचरण निवासी शहजादपुर हाल निवासी गोपाल बाग दोनों आरोपियों के साथ लूट की योजना में शामिल था, लेकिन बैंक लूट में में शामिल नहीं हुआ। बैंक लूट करने के बाद मोहन एवं महेंद्र वह अन्य साथियों को राधाचरण ने मुखबिरी करके पकड़वा दिया। इसी कारण दोनों आरोपी राधाचरण से रंजिश मानने लगे।शुक्रवार की शाम करीब सात बजे दोनों आरोपियों ने राधाचरण को जान से मारने की नीयत से शाहपुर रोड पर गोली से मार दी, जो राधाचरण के सिर में लगी जिससे वह गंभीर हालत में घायल हो गया।

# हंसापुर में जय विलास फार्म हाउस में होगी सपा की समीक्षा बैठक

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव हंसापुर में एक जून यानी आज सपा की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें हस्तिनापुर विधानसभा एवं मीरापुर विधानसभा के पदा. धिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा सांस्कृतिक कार्यक्रम व जागरूकता रैलियों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** शनिवार को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मेरठ क्षेत्र हरसमाजके लोगोंने बड़े धूमधाम से मनाई मेरठ देहरादून हाईवे स्थित दायमपुर गांव के निकट अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को को ूलमाला पहनाई काफी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई। दायमपुर में स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर समिति सचिव रविंद्र पाल ने बताया कि दायमपुर स्थित अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर सामाजिक संगठनों द्वारा उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए विविध कार्यक्रमों का



आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अलग अलग कई स्थानों पर श्रद्धांजलि सभा, संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श शासन, धार्मिक सहिष्णुता और समाज सेवा की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक आदर्श महिला शासक बताया। उनके द्वारा किए गए मंदिर निर्माण, धर्मशालाएं, कुएं, तालाब और जनकल्याणकारी कार्यों की भी चर्चा की गई। कुछ संस्थाओं ने गरीबों को भोजन, वस्त्र और शिक्षा सामग्री वितरित कर उनके सेवा भावना को स्मरण किया। यह जयंती समारोह न केवल अहिल्याबाई के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा, बल्कि वर्तमान समाज के लिए उनके मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा भी बना। इस दौरान अध्यक्ष रामकुमार पाल, पुनित पाल, प्रदीप पाल, रविंद्र पाल, सुभाष जाटव दायमपुर आदि मौजूद रहे।

# बन्द कमरे में युवक ने की आत्म हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** एक युवक ने संदिग्ध परिस्थिति में अपने घर में फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त कर ली। लालाराम मार्ग निवासी मनीष 24 वर्ष पुत्र राजेंद्र ने संदिग्ध अवस्था में रात्रि में अपने घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गया। शनिवार की सुबह युवक की मां काम करने चली गई। रात्रि में मनीष शुक्रवार की देर रात्रि में काम करके लौटा था। परिजन खाना खाकर सो गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि आधी रात्रि के समय युवक ने घर में ही फंदा बनाकर लटक गया। रोजाना वह देरी से आता था। सुबह आठ बजे जब गेट खटखटाया तो वह नही निकला। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनीष रोजाना 11–12 बजे के आसपास सोकर उठता है। दोपहर में जब उसकी बहन ने कमरे में बने जंगले से देखा तो वह दुपट्टे का फंदा लगाकर पंखे से लटका हुआ था। उसे देख पघरिजनों की चीख निकल गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने कमरे के गेट का दरवा. जा तोड़कर शव को पंखे से उतारा। बाद में फोरेंसिक टीम वहां पहुंच गई। तीन माह से उसकी पत्नी भी मायके में रह रही है। पुलिस का अनुमान है कि मामला प्रथम दृष्ट्या ग्रह क्लेश का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने युवक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# संगीत सोम ने मेधावी छात्र–छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में चेयरमैन प्रत्याशी मोहन सैनी द्वारा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सरधना के पूर्व विधायक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सरधना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सिंह सोम ने सम्मान समारोह में क्षेत्र के 10वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान मोहन सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। समारोह में विधायक सोम ने छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करें और अपने माता–पिता, गुरुजनों और समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में



छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। विधायक सोम ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि वे हमेशा शिक्षा और युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सरधना क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहा है और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ छात्रों को मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें और उन्हें अच्छे संस्कार दें, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के अंत में छात्रों और अभिभावकों ने विधायक सोम का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम से पहले संगीत सोम लावड़ में भाजपा के पूर्व नामित सभासद लाल सिंह सैनी के आवास पर गए और उनसे औपचारिक भेट की। इस दौरान मोहन सैनी,यादराम जाटव, मोहित शर्मा, प्रवीण बजरंगी, मनोज गोयल, टिंकू, हजारी लाल आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी इसलामनगर, जनपद बदायूं**

पत्रांक- बे./कृषि भूमि/39/2025-26 दिनांक- 29/05/2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि प्रबन्ध समिति निम्न विद्यालयों द्वारा कृषि भूमि की नीलामी 01.06.2025 से 30.06.2025 (एक वर्ष के लिये) निम्न कार्यक्रम अनुसार की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता को नीलामी में बोली लगाने से पूर्व 5000 रू. (पांच हजार रूपये मात्र) जमानत के रूप में सम्बन्धित प्र.अ. के पास जमा करना होगी तथा बोलीदाता को बोली स्वीकृत होने के उपरान्त 25 प्रतिशत धनराशि उसी दिन जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि नीलामी स्वीकृति के एक सप्ताह अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी की जाने वाली विद्यालयों की कृषि भूमि का विवरण निम्नवत् है।

| क्र0 स0 | विद्यालय का नाम | भूमि का क्षेत्रफल हे.में | नीलामी की दिनांक | नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उ.प्रा.वि. नगला बारह वि.क्षे. इस्लामनगर तहसील बिसौली | 0.632 | 13-06-2025 | 10.00 बजे |
| 2 | उ.प्रा.वि. चन्दोई वि.क्षे. इस्लामनगर तहसील बिसौली | 0.632 | 13-06-2025 | 12.00 बजे |
| 3 | प्रा0वि0भावानीपुर नगला वि0क्षे0 इस्लामनगर तहसील बिसौली | 0.514 | 13-06-2025 | 10.00 बजे |
| 4 | प्रा0वि0 रामनगर सैदपुर वि0क्षे0 इस्लामनगर तहसील बिसौली | 0.514 | 13-06-2025 | 12.00 बजे |
| 5 | प्रा0वि0 विक्रमपुर चरसौरा वि0क्षे0 इस्लामनगर तहसील बिसौली | 2.504 हे. | 14-06-2025 | 10.00 बजे |
| 6 | प्रा0वि0 भुसाया वि0क्षे0 इस्लामनगर तहसील बिसौली | 2.504 हे. | 14-06-2025 | 12.00 बजे |

**खंड शिक्षा अधिकारी**, इस्लामनगर बदांयू

**कार्यालय सहायक अभियन्ता–द्वितीय रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली**

ग्राम नगरियाकला स्थित पतरौल क्वार्टर की विभागीय भूमि रकवा 0.11 हे0 को फसल उगाने हेतु वर्ष 2025–26 (एक वर्ष) हेतु नीलाम करने के सम्बन्ध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपखण्ड द्वितीय बहेडी रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के अन्तर्गत नीलाम ग्राम नगरियाकला स्थित पतरौल क्वार्टर की विभागीय भूमि रकवा 0.11 हे0 को फसल उगाने हेतु वर्ष 2025–26 (एक वर्ष) हेतु नीलामी अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 03.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे स्थान सिंचाई निरीक्षण भवन, बहेडी पर सरेआम की जायेगी। इच्छुक खरीददार ग्राम नगरियाकला स्थित पतरौल क्वार्टर की भूमि को मौके पर देख सकते है। शर्ते नीलाम प्रक्रिया से पूर्व उपखण्डीय कार्यालय में देख व पढ सकते है।

सहायक अभियन्ता
उपखण्ड द्वितीय, बहेडी
रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

UPID-234452, DATE-30/05/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

# निदेशक ने किया सैदनगर की ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

## प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र सहित लाइब्रेरी, सिलाई केन्द्र एवं पंचायत सचिवालय का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** निदेशक पंचायती राज एवं निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अमित कुमार सिंह ने आकांक्षात्मक विकासखंड सैदनगर की ग्राम पंचायत सिंगनखेड़ा, खोद, पैगा एवं काशीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सिंगनखेड़ा में निर्मित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया, जहाँ पर ग्राम पंचायतों से प्राप्त सिंगल यूज पॉलिथीन एवं प्लास्टिक के निस्तारण हेतु बैकवर्ड और फारवर्ड लिंकेज की स्थिति एवं प्राप्त ओएसआर की जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारी ने आरआरसी केंद्र पर वर्मी कंपोस्ट से होने वाली आय तथा बनाने की प्रक्रिया के बारे में चर्चा की। उन्होंने ग्राम पंचायत में निर्मित लाइब्रेरी के निरीक्षण के समय अध्यनरत छात्रों के साथ चल रही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में चर्चा की और सिलाई केंद्र एवं पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सहायक द्वारा वीएलई ले रूप में दी गई सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारी ने ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल की बैठक में आकांक्षात्मक विकासखंड के निर्धारित 50 इंडिकेटर पर ग्रामीणों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की। सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी ग्रामवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे तथा सरकार द्वारा संचालित समस्त कार्यक्रमों एवं योजनाओं से समस्त पात्र लाभार्थियों को आच्छादित किया जाये। उन्होंने ग्राम पंचायत में निर्मित फुटबॉल और हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और ग्राम पंचायत खोद में निर्मित पाइप पेयजल परियोजना के निरीक्षण उपरांत टंकी परिसर में वृक्षारोपण किया तथा ग्राम वासियों को नल से जल की उपलब्धता एवं यूजर चार्ज लिये जाने की जानकारी ली। तत्पश्चात ग्राम पंचायत पैगा में निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया, जिसमें तैनात डॉक्टरों से संचालित योजनाओं एवं हाइपरटेंशन/डायबिटीस व अन्य मरीजों के बारे में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नदीम खान से जानकारी प्राप्त की। इसके बाद ग्राम पंचायत काशीपुर में निर्मित स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, लाइब्रेरी में अध्यनरत अभ्यर्थियों के साथ चर्चा की और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्मित प्रसव कक्ष के निरीक्षण में डॉक्टरों से दवाइयों की उपलब्धता, आम. जनों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।



निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) श्री संतोष सिंह ,सी एम फेलो कुमारी संतोष गंगवार, सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारी, सम्बंधित ग्राम पंचायत सचिव,ग्राम प्रधान आदि सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अंधाधुंध कटोती से परेशान व्यापारियों ने प्रदर्शन कर बिजली घर पर की तालाबन्दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर सहित क्षेत्र की बिजली कटौती से है विधुत विभाग द्वारा कोई समाधान नही किया जा रहा है। शुक्रवार व सनीवार को पूरा पूरा दिन बिजली ने आंख मिचोली खेली कितनी बार आई कितनी बार आई और गई दोनो दिन बिजली की आंख मिचोली से नगर सहित क्षेत्र लोग परेशान रहे। इन्वर्टर भी जवाब दे गए। वहीं उद्योग धन्धे भी चौपट होकर रह गए पानी की किल्लत पैदा हो गई। बिजली की आंख मिचोली से पूरा क्षेत्र परेशान होकर रह गया। बिजली किल्लत को लेकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल गुप्ता, मोहम्मद इरशाद, अमित कुमार सक्सेना , विनोद पाल, जुबेर अहमद, शनिवार को अवर अभियन्ता सत्येंद्र कुमार से मिलकर बिजली किल्लत को दूर करने की मांग की। वहीं चेतावनी भी दी कि अगर विधुत व्यवस्था मे सुधार नही हुआ तो व्यापार मंडल बिजली घर पर प्रदर्शन कर ताला बन्दी करेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी विधुत विभाग की होगी।

# सुरक्षा की दृष्टिगत भुड़ासी गांव में लगातार पुलिस बल तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भुड़ासी में पिछले बीते दस मई को दलित परिवार की बेटी की शादी समारोह में विवाद के साथ पथराव की घटना घटी थी । जिसकी बावत पीड़ित परिवार की ओर से कोतवाली शाहबाद में मुक. दमा दर्ज कराया गया था। बीते 14 से लगातार ग्राम भुड़ासी में सुरक्षा व शान्ति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात है। हल्का इंचार्ज अंशुल कुमार ने बताया कि लगभग 30 पुलिसकर्मी तैनात है। आल्हा अधिकारियों के अग्रिम आदेश तक पुलिस बल गांव मौजूद रहेगा।

**10 मई को दलित परिवार की बेटी के वैवाहिक कार्यक्रम में हुआ था विवाद**

# रामपुर के युवा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में राकेश टिकैत से मिले कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** भाकियू टिकैत रामपुर के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ता व पदाधिकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत से मिले ओर उनको किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने राकेश टिकैत को रामपुर संगठन के बावत विस्तार से चर्चा की । रामपुर में राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा किसानों पर 3% से बढ़कर 7% ब्याज दर कोऑपरेटिव बैंकों द्वारा किया गया है इसको लेकर आंदोलन किया जाए।वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने भारतीय किसान यूनियन रामपुर के पदाधिकारी ,कार्यकर्ताओं व किसानों से संगठन की मजबूती के लिए ज्यादा से ज्यादा संगठन में जोड़ने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान



जिला महासचिव होरी लाल लोधी, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद खुशीराम यादव, जिला सचिव नाजिम सिद्दीकी, जिला सचिव नावेद खान, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, नासिर हुसैन, अजीत चौहान, निरप्रीत सिंह, सुरेंद्र सिंह रंधावा आदि मौजूद रहे ।

# पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए 14 जून को आयोजित की जाएगी पेंशन अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल डिस्कांम पेंशनर्स की पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का हर संभव समाधान प्रदान करने के लिये, प्रतिबद्ध है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., मेरठ के सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए, पेंशन अदालत का आयोजन माह जून में द्वितीय शनिवार दिनांक 14 जून को डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ पर, प्रात: 11 बजे किया जायेगा, जिससे कि विद्यमान नियमों के अन्तर्गत पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का 'पेंशन अदालत' के माध्यम से निस्तारण कराया जा सके। इस सम्बन्ध में कारपोरेशन (मुख्यालय), शक्ति भवन, लखनऊ द्वारा त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन (मार्च, जून, सितम्बर एवं दिसम्बर) माह के द्वितीय शनिवार को किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पेंशन अदालत में दर्ज कराये जाने वाली शिकायतों का मौके पर ही, नियमानुसार हर संभव समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी, सम्बन्धित पत्रों/अभिलेखों सहित पेंशन अदालत में ससमय प्रतिभाग कर, लाभान्वित हो सकतें हैं।

# रामेश्वर महादेव मंदिर कंकरखेड़ा से निकाली गई विशाल शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रामेश्वर महादेव मंदिर श्री दीवान चंद एनक्लेव कंकरखेड़ा में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का उद्घाटन कंकरखेड़ा व्यापार संघ वरिष्ट भाजपा नेता नीरज मित्तल ने नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ शंकर पार्वती जी का मुख्य डोला फूलों से शोभायमान व आकर्षित कर रहा था, 108 महिलाएं कलश लेकर चल रही थी, माँ काली जी की झांकी नृत्य करते चल रही थी, मुख्य बाजार में व्यपारियो द्वारा फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से जॉनी मित्तल, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, राजेश खन्ना पूर्व पार्षद, रिंकू गोयल, चिराग गुप्ता, सोनू गुप्ता, सुधीर तोमर, रामनिवास चौधरी, नरेंद्र चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, राजबीर सिंह, सुनील भारद्वाज, मनमोहन हरदोई, जतिन ठाकुर, शुभम त्रिपाठी आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बकराईद पर नई परंपरा नहीं डाले : एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** बकरा ईद पर कोई भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना करें और ना ही कोई नई परंपरा डालने की कोशिश करें उक्त विचार एसडीएम मिलक सुनील कुमार ने व्यक्त किया।

वह कोतवाली परिसर में बकरा ईद को लेकर आयोजित शांति कमेटी की बैठक मैं उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से बकरा ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और कुर्बानी के बाद जानवर के अवशेष खुले में न डालने का आद. ेश दिया।

आगे उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था और पानी की व्यवस्था पूरी तरीके से सुचारू रहेगी।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार,कोतवाल धनंजय सिंह, अधिशासी अधिकारी



राजेंद्र प्रसाद, नायब तहसीलदार, कस्बा चौकी ईचार्ज मुकेश कुमार, बदरुद्दीन अंसारी, इकरार हुसैन हाजी सईदुल रहमान, रेहान अल्वी, मौलाना आसिम,सहित क्षेत्र के सभ्रात नागरिक मौजूद रहे

# मोबाइल टॉवर के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता क्रान्ति शेखर सारंग के नेतृत्व में चौनपुर गांव के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीणों का कहना है कि गांव में किसी भी मोबाइल कंपनी का टॉवर स्थापित नहीं किया गया है। इस कारण संचार सुविधा अत्यंत दयनीय स्थिति में है। मोबाइल नेटवर्क न होने की वजह से न तो गांववासी आसानी से कॉल कर पाते हैं, न ही इंटरनेट का उपयोग कर पाते हैं। बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग सेवायें, डिजिटल लेन-देन तथा आपातकाल. ीन स्थिति में किसी से संपर्क करना भी अत्यंत कठिन हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार इस संबंध में टेलीकॉम कंपनियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही अब तक नहीं हो पाई है। अत: शीघ्र ही समस्या का समाधान करवाने की मांग की है। एसडीएम ने समस्या का निराकरण करवाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर प्रदेश प्रचार मंत्री सौरभ गोस्वामी, विपिन पटेल, अभिषेक गंगवार, महेंद्र पाल, वसीम, रिंकू, प्रदीप पटेल, बादाम सिंह पटेल, भानु प्रताप आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ प्रेस क्लब में मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को हिंदी पत्रकार दिवस के उपलक्ष में मेरठ के मंगल पांडे नगर स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार बंधुओं ने मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब के अध्यक्ष राहुल ठाकुर और मुख्य संरक्षक राजेंद्र चौहान की अध्यक्षता में हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारिता को लेकर कई पत्रकार बंधुओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किए है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार गोपाल त्यागी, अनिल बादली सुनील बादली, संतराम पांडे, मुकेश गुप्ता, पंडित शैलेंद्र कुमार शर्मा, चांद सैफी, गौरव गोयल, तरुण आहूजा, सुमित ठाकुर, इजहार अहमद, प्रशांत वर्मा, श्रीपाल तेवतिया, मुकेश ठाकुर, रवि ठाकुर अक्षय चौधरी, नितिन जाटव, हंसमे आलम, आकाश कुमार, विश्व बादली आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# आपत्तिजनक पोस्ट से मुस्लिमों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी को लेकर इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित की गई है। पोस्ट प्रसारित करने वाला युवक कस्बा शाहजहांपुर का बताया जा रहा है। शनिवार शाम 6:30 बजे इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट प्रसारित हुई है। जिसमें लिखा है कि 'छह जून को ईद है, कुर्बानी के लिए जो गऊमाता को ले जाता पकड़ा गया, ध्यान रखना अल्ला बचाने नहीं आएगा, ना ट्रक टायरों पे जाएगा, ना ड्राइवर पैरों पे जाएगा।' गऊ रक्षा दल पोस्ट करने वाला युवक कस्बा शाहजहांपुर के मोहल्ला अहेरिया निवासी सतबीर राजपूत अहेरिया बताया जा रहा है। पोस्ट को लेकर शाहजहांपुर के मुस्लिमों में रोष है।

# जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव मंजूर

**(इमरान हुसैन)**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला पंचायत रामपुर बोर्ड की बैठक शनिवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई, जिसमे ऐजेन्डा के अनुसार गत बैठक 28.12. 2024 की कार्यवाही की पुष्टि की गई और जिला पंचायत अधिनियम 1961 के अधीन समस्त विभागों की प्रगति पर चर्चा हुई एवं 2025-26 की कार्य योजना हेतु प्रस्ताव लिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने कहा कि जिला पंचायत के सदस्यों का मान रखते हुए सभी विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे एवं रामपुर जनपद में कल्याणकारी योजनाएं जनता तक पहुंच सके, इसके लिए भी हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गए। साथ ही जिला योजना समिति की बैठक 4 साल से नहीं होने पर सदस्यों ने एतराज जताया, जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने प्रकरण से शासन को अवगत करवाने का आश्वासन दिया। बैठक का संच. ालन अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी ने किया। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में जनप्रतिनिधियों का सहयोग नहीं लिया जाता है। झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लाप. रवाही से बरसात के मौसम में किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है जिसके लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ बचाव के प्रबंध करवाया जाना आवश्यक है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने लोक निर्माण विभाग से सरकड़ी दलेलनगर मार्ग का निर्माण व नसीमगंज चौराहे पर नाली निर्माण करवाए जाने को कहा। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जाने को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रस्ताव सौंपे, जिसमें उन्होंने ग्राम खंडिया में शमशान घाट का मार्ग, मंगूपुरा देवी स्थान से शमशान घाट का मार्ग, मरघटी में शमशान घाट का मार्ग, फैजगंज से सिंगनी मार्ग, बैंजनी बहल्ला पुल मार्ग, नगलागनेश, खंडिया, खौदपुरा, सैनपुर, नंगली, गागननगला सहित दर्जनों ग्रामों में विकास कार्य करवाए जाने के प्रस्ताव दिए हैं। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में जिला पंचायत सदस्य मीरा सिंह, अंजू गंगवार, मुस्तफा हुसैन, हरज्ञान सिंह यादव, अमरजीत सिंह, टेक चंद्र गंगवार, कृष्ण अवतार लोधी, खलील



अहमद, जिला पंचायत के अभियंता सज्जाद हुसैन लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित दर्जनों अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# उप कृषि निदेशक ने किया जिलेभर के गांवों का दौरा

## किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह ने बताया कि विक. सित कृषि संकल्प अभियान-2025 का आयोजन विकास खण्ड-बिलासपुर के ग्राम- पदपुरी निकट बमनपुरा, धामनी हसनपुर, अफसर नगर, विकास खण्ड चमरौआ के ग्राम-मगरमऊ, खजुरिया, भण्डपुरा व विकास खण्ड- सैदनगर के ग्राम-खिमौतिया भक्ति, जटपुरा, खिमौतिया खेड़ा सहित कुल 09 ग्रामों में किया गया।



बिलासपुर के ग्राम-पदपुरी निकट बमनपुरा में आयोजित कार्यक्रम में राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान उ.प्र. बलदेव सिंह औलख मुख्य अतिथि तथा ब्लॉक प्रमुख बिलासपुर कुलवंत सिंह औलख द्वारा प्रतिभाग किया गया। राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान उवप्रव द्वारा कृषकों के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं तथा नीतियों के बारे में बताया गया तथा कृषि वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों द्वारा बतायी गयी वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर जोर देते हुए कृषकों से अपने खेतों की मिट्टी की जॉच कराने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड में उल्लिखित संस्तुतियों के हिसाब से उर्वरकों का प्रयोग करने की कृषकों को सलाह दी गयी।

कृषकों से अपनी फसलों का बीमा कराने का भी आवाह्नन किया गया। सोलर पम्प पर 60 प्रतिशत अनुदान व 25 वर्ष की गारन्टी तथा निजी नलकूपों के विद्युत कनेक्शन का बिजली बिल माफ करने योजना के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया।

जगदीश कुमार भट्ट, अपर कृषि निदेशक (गेहूं एवं मोटा अनाज), उत्तर प्रदेश, कृषि भवन, लखनऊ के द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा किसानों से साठा धान के स्थान पर मक्का बोने की अपील की गई।

इन ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में आईसीएआर/आईवीआरआई, बरेली एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, धमोरा रामपुर के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकगण ने कृषि की आधुनिक तकनीकों, क्षेत्र के हिसाब से खरीफ में बोई जाने वाली फसलों की विभिन्न प्रजातियों, नवाचार कार्य करने, सहफसली / प्राकृतिक खेती आदि के बारे में उन्नत तकनीकी जानकारी दी गयी तथा कृषि, पशुपालन, गन्ना, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा विभाग में संचा. लित विभिन्न योजनाओं एवं उनमें देय सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी/उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर भगवत सरन गंग. वार, कृषि वैज्ञानिक गण व अन्य विभागों के अधिकरियों/कर्मचारियों तथा लगभग 300 से अधिक कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 01 जून 2025 को विकास खण्ड - चमरौआ के ग्राम - करीमपुर सर्की, वाजिदपुर, रम्पुरा व विकास खण्ड-सैदनगर के ग्राम-बजावाला, बरगब्बा, खण्डिया तथा विकास खण्ड-बिलासपुर के ग्राम-नानकार रानी, गजरौला, पजावा में कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा।

जनपद के समस्त विकास खण्डों के चयनित 135 ग्रामों मे 12 जून 2025 तक नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे।

# मिलक पालिका में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** शनिवार को नगर पालिका परिषद मे देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गयी देश भर में मनाई जा रही अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश सरकार के निर्देश पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप पूर्व दर्जा राज मंत्री सूर्य प्रकाश पाल ने भाग लिया तथा कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को अंत में समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया गया।

वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने अहिल्याबाई होल्कर के छवि चित्र पर माल्यार्पण करके किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पर अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व दर्जा राज मंत्री सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासन काल में देश के अंदर हजारों मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा निर्माण कराया। नगर पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की आज पूरे देश में 300 वीं जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। तथा अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शो पर चलकर समाज सेवा करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, नगर अध्यक्ष ममता अत्री, भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, एडवोकेट बसंत कुमार, चंद्रभान मित्तल, सभासद अमरजीत सिंह माटा, विजय गंगवार, गोपेश्वर गंगवार, जय किरत, कमलेश गंगवार आदि रहे।

# आगामी त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाएं : सीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा एवं गंगा स्नान को लेकर शनिवार को थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने ईद व गंगा स्नान का पर्व भाईचारे और सौहार्द से मनाने की अपील की। सीओ हर्षिता सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी मेलजोल के प्रतीक है। एक-दूसरे को त्योहारों पर सहयोग करना चाहिए। ईद के दिन जलापूर्ति, साफ-सफाई और बिजली पूर्ति के आदेश दिए। सीओ ने कहा कि त्योहारों पर क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों का पहले से ही सहयोग मिलता रहा हैं। इससे पहले कोतवाल शाहबाद पंकज पंत ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शासन के दिशा निर्देशों से बैठक में मौजूद लोगों को अवगत कराया साथ ही कहा कि आगामी त्यौहारों को खुशनुमा माहौल में मनाए साथ ही किसी भी तरह की समस्या हो तो पुलिस को तुरंत सूचित करें तथा संदिग्ध व खुराफाती



व्यक्ति की बाबत तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर संजय सिंह और हल्का दरोगा आदेश कुमार कोतवाल पंकज पंत के साथ रहे। इस मौके पर नगर पंचायत से मुजीब मियां,बिजली विभाग से पवन पांडेय, व्यापार मंडल से मुकेश चंद्र गुप्ता,महेश गुप्ता, गोरे खां, अन्नू रावत,अमित चंद्रवंशी,शाजमान आर्यन,मंजू लता शर्मा,वार्ड सभासद शप्पू खां,शावेज खां,रवि वाल्मीकि,माधुरी सक्सेना,नीरज गुप्ता,मोहम्मद आसिफ आदि मौजद रहे।

# व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी से की भेंट



**( सुहैल मियॉ )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की टीम नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली के साथ कोतवाली स्वार पहुंची और नये तैनात कोतवाल प्रमोद मलिक को शॉल उड़ा कर सम्मानित किया और उनसे शिष्टाचार भेंट की।

कोतवाल स्वार प्रमोद मलिक ने व्यापारियों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी और कहा आज कल साइबर क्राइम बहुत तेजी से बढ़ रहा है सभी व्यापारी और आम जनता सतर्क रहें। और साइबर क्राइम ठगों का शिकार होने से बचें साइबर क्राइम बहुत ही खतरनाक है। जिससे लोगों के कमाई हुई सारी पूंजी एक ही बार में खत्म हो जाती है बैंक अकाउंट साफ हो जाते हैं इसीलिए कोई भी साइबर क्राइम ठग अधिकारी बनकर फोन करता है तो आप उसके फोन को कट कर दें या थाने में सूचना करें और साइबर क्राइम ठागों से बचे।

इस मौके पर नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, प्रदेश संगठन मंत्री शिव ओतार सक्सेना उर्फ मन्नू भैया, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, महासचिव मुशर्रफ अली, हाशिम शान, गुड्डू हाफिज, अजीज मियां, फुरकान अली, रेहान अली, इरफान सलमानी, इरफान, बंटी खान, कदीर, इस्लाम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### निजी अस्पताल में भर्ती फल विक्रेता की हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के मंडी समिति के सामने एक निजी अस्पताल में भारतीय फल विक्रेता की मौत हो गई जिससे नाराज उसके परिवार वालो ने जमकर हंगामा काटा सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। नगर के तीन बत्ती चौराहे के पास ठेला लगाकर फल वेचने वाले सतपाल गोस्वामी पुत्र लालमन (56) निवासी मोहल्ला असदुल्लापुर जो बीमार चल रहे थे उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने वहां पहुंचकर जमकर हंगामा किया मरीज की मौत और हंगामा की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस तथा अधिकारी निजी अस्पताल पहुंच गये गए। उन्होंने परिजनों को समझाना शुरू किया। परिजनों ने उनसे डॉक्टर को गिरफ्तार करने अस्पताल पर कार्रवाई की मांग करने लगे परिजन अस्पताल के सामने रोने चिल्लाने लगे उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने में एक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र की एक गांव की एक महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें लिखा है कि मेरी पुत्री नाबालिग है मेरी पुत्री बाजार जाने को कह कर गई थी अभी तक वापस नहीं आई मेरी पुत्री से नगर का एक लड़का जिसका नाम करन है जो का मेरी पुत्री से बात. चीत करता था मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी पुत्री को करन बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। महिला की तहरीर पर करन के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने में हुई रिपोर्ट दर्ज। प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी द्वारा कराई जा रही है।

### सत्ताधारी, किसान नेताओं और रसूखदारों से सरकारी संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने में विफल है जिला प्रशासन : शंखधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा सरकारी संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने की जो मुहिम चलाई जा रही है जिसके तहत निरंतर सरकारी संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराया जा रहा है जो कि अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। लेकिन जिला प्रशासन रामपुर द्वारा दो प्रकार की कार्यवाही की जा रही है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है, अगर किसी भी सरकारी संपत्ति पर किसी सत्ताधारी नेता, किसान नेता या अन्य किसी रसूखदार नेता का अवैध रूप से कब्जा है तो उसे कब्जा मुक्त करने में घोर लापरवाही बरती जा रही है और उसका अवैध कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर नगर मिलक में उद्यान विभाग की भूमि रामलीला मैदान, नगर पालिका परिषद मिलक की गाटा संख्या 776 एवं 781 जो सार्वजनिक रास्ता हैं इन भूमियों पर सत्ताधारी नेताओं का कब्जा होने के कारण कार्यवाही करने में घोर लापरवाही बरती जा रही है ठीक इसी प्रकार से तहसील सदर के ग्राम भईया नगला में शत्रु संपत्ति की 142 बीघा जमीन पर तथा विकास भवन के मुख्य द्वार पर बनी जिला सहकारी विकास संघ लि. रामपुर की बेशकीमती बिल्डिंग पर एक दबंग किसान नेता का अवैध रूप से कब्जा है। जिसको खघली कराने में प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। लेकिन अगर किसी भी गरीब व्यक्ति ने भूलवश या किसी मजबूरी के कारण सरकारी संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है तो उसको कब्जा मुक्त कराने में प्रशासन कोई देर नहीं करता है और तत्काल उसे कब्जा मुक्त कराकर अपनी पीठ थपथपा ली जाती है। इसलिए हमारा प्रशासन से आग्रह है कि वह नियमानुसार सभी को एक समान मानकर कार्यवाही करे जिससे किसी को भी सवालिया निशान लगाने का अवसर न मिल सके।

# मिलक में दुकानदारों का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी



**( इकरार हुसैन )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के दुक. ानदारों ने आज दूसरे दिन भी अपनी दुकाने बंद रख सामूहिक धरना प्रदर्शन जारी रखा पीडब्लूडी द्वारा नगर के मैंन रोड़ पर चालीस दुकानों और बिलासपुर रोड पर 32 दुकानों को नोटिस जारी कर लगाए लाल निशान लगाए थे उसका वक्त आज पूरा हो गया व्यपारियों और दुक. ानदारो मे दहशत का माहौल है दुक. ानदारो का कहना है की दुकान टूटने के बाद वह वेरोजगार हो जाएंगे और अपना अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे भैया और उनके परिवार सड़कों पर आ जाएगा इन दुकानों पर वह काफी बक्त से रह रहे है द उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ जाएगा जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन न मिलने से दुकानदारो मे हड़कम्प मच हुआ है दुकानदारों का पारिवार दहशत मे है प्रशासन की इस कार्रवाई से नाराज व्यापारी और दुकानदार आज दूसरे दिन के धरने पर बैठे रहे इस अवसर पर डीके अग्रवाल, राजू गुप्ता, संजीव गुप्ता सुरेंद्र शर्मा अजय सिंघल, मुकेश पटेल सर्वेश गंगवार, श्याम प्रकाश गुप्ता, मोहम्मद असलम, सलामत, विक्की कश्यप,विकास रोहिल्ला सहित सभी दुकानदार मौजूद रहे

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सीएमओ ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई।

इसके साथ ही जनपद रामपुर में चलाए जा रहे तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम को तहसील स्तर पर विशेष तौर पर प्रचार प्रसार एवं जुर्माने की कार्रवाई पर विचार विमर्श किया गया एवं जुर्माना एवं छापेमारी की रूपरेखा तैयार की गई। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में जिला चिकित्सालय रामपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीएसएम नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा तंबाकू के हानिकारक प्रभाव को दर्शाते हुए विभिन्न प्रकार केस पोस्टर आदि बनाये गये।



इन पोस्टर का अवलोकन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा द्वारा किया गया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाये गये पोस्टर को चिकित्सालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता हेतु लगाया।

# आईएएस बनें अरुण कुमार को दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर निवासी राधे श्याम राही ने आज रठौंडा का मझघ्रा मिलक जाकर जाटव समाज से पै बने अरुण कुमार पुत्र ब्रिज किशोर से मुलाकात की और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

इस मौके पर राही ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान की ही बदौलत आज अरूण कुमार इतने बड़े पद पर पहुंचे हैं।बाबा साहब के द्वारा दिए गए प्रथम संदेश कि (शिक्षित बनों) बहुजन समाज के लोगों को ही नहीं बल्कि सर्व समाज के लोगों को भी अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाना चाहिए जिससे आने वाले वक्त में वह भी अरुण कुमार की तरह कामयाब हो सकें। अरुण कुमार ने सिर्फ मिलक में ही नहीं बल्कि पूरे जिले, क्षेत्र व देश में नाम रोशन किया है।



# खेत में पौध लगा रहे किसान को पीटा, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शनिवार को नूरपुर फाजलपुर निवासी शयाम चंद अपने खेत मे पौधों को पानी लगा रहा था कि अचानक गांव निवासी माधव सिंह अपनी पत्नी सुधा के साथ आ कर गाली गलौच करने लगा और मुझे ओर मेरी पत्नी प्रकाश कौर जो कि बीच बचाव करने आई थी हमें दोनों को मारने लगा फिर फावडे से वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

परिजन घायल को सीएचसी से लाये और कोतवाली पुलिस को माधव सिंह पुत्र बलराम चंद व उसकी पत्नी के नाम की तहरीर दे दी है। कोतवाली पुलिस जांच में लग गई है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन, सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# मुंबई की विरासत का मुकाबला करेंगी पंजाब

**हार्दिक के नेतृत्व में मौजूदा बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है, पंजाब के पास मैच जिताऊ खिलाड़ियों की कमी नहीं**




**क्वालिफायर-2**

**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में रविवार को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस एक लाख से अधिक दर्शकों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के खिताबी मुक. ाबले में जगह बनाने के लिए अपना सर्वस्व झोंकने के लिए उतरेंगे।

दोनो टीमो के बीच क्वालीफायर 2 का रोमांचक मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुबंई को आईपीएल के मौजूदा संस्करण में लय में आने में समय लगा मगर बल्लेबाजी में गहराई और जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने टीम को छठे खिताब के करीब लाकर खड़ा कर दिया है। बुमराह 6.36 की कम इकॉनमी से 18 विकेट लेकर शानदार फॉर्म में हैं और उनकी यह ताकत रविवार रात क्वालीफायर 2 में अंतर पैदा कर सकती हैं। मुंबई एलिमिनेटर में गुजरात टाइटन्स पर 20 रन की शानदार जीत के बाद इस मुकाबले में बढ़त बनाए हुए है।

हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में मौजूदा इकाई की बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है। रोहित शर्मा ने सही समय पर लय पाई और 50 गेंदों पर 81 रन बनाए, जबकि विल जैक्स के प्रतिस्थापन के रूप में आए जॉनी बेयरस्टो ने 22 गेंदों पर 47 रन बनाकर शुरुआत में ही लय पा ली। इस बीच, सूर्यकुमार यादव ने 167.83 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 673 रन बनाकर क्रिकेट के तर्क को धता बताना जारी रखा है। मध्यक्रम में तिलक वर्मा, हार्दिक और नमन धीर मजबूती प्रदान करते हैं, वहीं दीपक चाहर गेंद से शुरुआती बढ़त बनाने के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आ सकते हैं। बुम. राह की सटीक गेंदबाजी और नई गेंद से बायें हाथ के ट्रेंट बोल्ट की लस्वग मुंबई की ताकत बनी हुयी है।

हालांकि मुंबई अभी भी अपने चौथे गें. दबाजी विकल्प को लेकर सावधान रहेगी, क्योंकि पिछले गेम में रिचर्ड ग्लीसन ने निराश किया था। दूसरी ओर पंजाब की टीम नए जख्मों से उबर रही है। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद क्वालीफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी हार सदमे में डालने वाली थी। हालांकि पिछली हार को भुला कर पंजाब को कल ऐसे मैदान में उतरना होगा, जहां प्लेऑफ का अनुभवहीनता और स्कोरबोर्ड का दबाव टीमों को पूरी तरह से निगल सकता है। पंजाब के पास मैच जिताऊ खिलाड़ियों की कमी नहीं है। प्रभसिमरन सिंह (517) और प्रियांश आर्य (431) ने लीग की सबसे रोमांचक युवा ओपलनग जोड़ियों में से एक बनाई है जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में 516 रन बनाकर अपनी खास पहचान बनाई है। हालांकि उन्हें और भी बहुत कुछ चाहिए होगा। जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह को मौके का फायदा उठाना होगा।

लीग चरण में एमआई के खिलाफ इंग्लिस की विस्फोटक 73 रन की पारी सबको याद होगी। अब इसे दोहराना सबसे ज्यादा मायने रखता है। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में पंजाब के गेंदबाज विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकने का पूरा प्रयास करेंगे। काइल जैमीसन ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था मगर युजवेंद्र चहल की अनुपस्थिति अभी भी खल रही है। अगर हरप्रीत बरार और अजमतुल्लाह उमरजई टिके रहते हैं, तो पंजाब फिर से उलटफेर कर सकता है। अहमदाबाद ने अब तक पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिला है। यहां सात में से छह मैच लक्ष्य निर्धारित करने वाली टीम ने जीते हैं। इसलिए दोनों कप्तानों की निगाहें टॉस पर होंगी। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ रहने और शुष्क गर्मी की उम्मीद है। दोनो टीमे चार बार एक दूसरे के सामने आयी हैं जिनमें दो-दो मैच हर टीम ने जीता है। पंजाब ने अपना 26 मई को अपना सबसे हालिया मुकाबला जीता था।




# मनसुख मांडविया 'फिट इंडिया तिरंगा साइकिल रैली' करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया राजधानी में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 25 वां संस्करण का रविवार को नेतृत्व करेंगे जिसे पूरे देश में तिरंगा रैली के रूप में पूरे देश में मनाया जाएगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजधानी में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ-मांडविया करेंगे।

उनके साथ रैली में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में खेल जगत से ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी और पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता सबा करीम शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीन जून को विश्व साइकिल दिवस से पहले होने जा रहे इस कार्यक्रम के जरिए शरीर को 'हृष्ट-पुष्ट' रखने में साइकिल चलाने की बड़ी भूमिका के संदेश देने के साथ भारत के सशस्त्र बलों के प्रति सामूहिक रूप से सम्मान का भाव भी प्रकट किया जाएगा।

राजधानी में इस कार्यक्रम में 1,200 से अधिक साइकिल चाल. कों के शामिल होने की उम्मीद है। पूरे देश में कल 2,000 से अधिक स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भुवनेश्वर में ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। दिसंबर 2024 में शुरुआत के बाद से अब तक 5,500 से अधिक स्थानों पर इसका आयोजन हो चुका है।

**खेल विशेष**

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आठ स्वर्ण सहित 24 पदक जीते

**गुमी, वार्ता।** भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल 24 पदकों के साथ अपने शानदार अभियान का समापन किया है। भारत के कुल 24 पदकों में आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदक शामिल है। भारतीय दल पिछले सत्र में छह स्वर्ण समेत 27 पदक जीते थे। चैंपियनशिप के अंतिम दिन शनिवार को भारतीय एथलीटों ने तीन रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। पारुल चौधरी आज महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15:33 सेकंड (15:15:33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85-16 मीटर तक भाला फेंका। बागपत के खेकड़ा गांव निवासी सचिन का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84-39 मीटर था। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20-32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता वहीं अभिनया राजरा. जन, स्नेहा एसएस, श्रावनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43:86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या ने भारत को दिन का दूसरा कांस्य पदक दिलाया। तमिलनाडु की 26 वर्षीय एथलीट ने 56-46 सेकंड का समय लेकर पोडियम स्थान हासिल किया। पूजा ने भारत के लिए दिन का तीसरा कांस्य पदक जीता। उन्होंने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ 2:01:89 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ पूरी करके तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 200 मीटर की दौड़ में ज्योति याराजी 23:47 सेकंड के समय के साथ पांचवें जबकि नित्या गंधे 23-90 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

# बोपन्ना-पावलसेक फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में




**बोपन्ना के अनुभव और पावलसेक की चपलता ने शुरूआती मौको का फायदा उठाया**

**पेरिस, वार्ता।** भारत के रोहन बोपन्ना और चेक जोड़ीदार एडम पावलसेक ने फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर के पुरुष युगल मुकाबले में फ्रांस के फैबियन रेबुल और सादियो डौम्बिया को 6-2, 7-6(5) से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इंडो-चेक जोड़ी ने शुरुआती सेट में दबदबा बनाया और अपनी शक्तिशाली सर्विस और रणनीतिक नेट प्ले का लाभ उठाते हुए 6-2 की बढ़त हासिल की। बोपन्ना के अनुभव और पावलसेक की चपलता ने शुरुआती मौकों का फायदा उठाते हुए फ्रांसीसी जोड़ी की सर्विस दो बार तोड़ी। घरेलू दर्शकों से उत्साहित फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने दूसरे सेट में जबरदस्त वापसी की। डौम्बिया और रेबुल ने अपनी सर्विस गेम को कड़ा किया और रिटर्न पर दबाव बनाया, जिससे एक करीबी मुकाबला हुआ और अंत में टाईब्रेकर हुआ। गति में बदलाव के बावजूद, बोपन्ना और पावलसेक ने संयम बनाए रखा, टाईब्रेक 7-5 से जीतकर सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया। बोपन्ना और पावलसेक ने आठ ऐस दर्ज किए, जबकि फ्रांसीसी जोड़ी ने पांच ऐस दर्ज किए और उनका पहला सर्व जीत प्रतिशत 68 प्रतिशत की तुलना में 72 प्रतिशत रहा। दोनों टीमों ने तीन-तीन ब्रेक पॉइंट बदले, लेकिन इंडो-चेक जोड़ी की महत्वपूर्ण पॉइंट जीतने की क्षमता, खासकर टाईब्रेक में, ने अंतर पैदा किया। यह जीत बोपन्ना और पावलसेक के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनो की एक साथ पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद जारी है।


# जुमहुर की चुनौती को पार कर अल्काराज फ्रेंच ओपन के चौथे दौरे में

**तीसरे दौर के मुकाबले में अल्काराज ने 2:57 मिनट में जीत दर्ज की**

**पेरिस, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने शनिवार को बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहुर पर चार सेटों में कड़ी टक्कर के बाद फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली।

तीसरे दौर के मुकाबले में अल्काराज ने दो घंटे और 57 मिनट में 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की, जिसमें स्पेन के खिलाड़ी ने अनुभवी बोस्नियाई खिलाड़ी की मजबूत वापसी को रोकने के लिए शानदार प्रदर्शन किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने लगातार दो सेटों में शानदार जीत दर्ज की और आक्रामक रिटर्निंग करते हुए जुमहुर की सर्विस पर दबाव बनाए रखते हुए तीन बार ब्रेक किया। हालांकि, शीर्ष 100 से बाहर की रैंकिंग वाले जुमहुर ने तीसरे सेट में वापसी की, अल्काराज की तीव्रता में कमी का फायदा उठाया और अपने 12 ब्रेक प्वाइंट अवसरों में से एक को भुनाया। चौथे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआत में ही ब्रेक का आदान-प्रदान किया, इससे पहले कि अल्काराज ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक समय पर लगातार पांच गेम जीत लिए और कुल 139 अंकों के साथ समाप्त किया, जबकि जुमहुर के 118 अंक थे। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।



## झेंग समेत कई शीर्ष खिलाड़ी फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग किनवेन दूसरी बार फेंच ओपन के महिला एकल के अंतिम 16 में पहुंचीं। उनके अलावा कई शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनायी। आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी झेंग ने शुक्रवार को 90 मिनट से कम समय में 18 वर्षीय कनाडाई क्वालीफायर विक्टोरिया मोबो. को को 6-3, 6-4 से हराया।

झेंग ने मैच के बाद कहा कि मेरा जन्म चीन में बहुत गर्म जगह वुहान मेंर हुआ था। इसलिए मैंने गर्म मौसम को काफी अच्छी तरह से संभाला है। पिछले साल, जब मैंने ओलंपिक खेला, तो यह इससे भी अधिक गर्म था। इसलिए वास्तव में मुझे यह स्थिति पसंद है, लेकिन मैं उन सभी दर्शकों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने आज मेरे साथ धूप में कष्ट झेला। झेंग ने अपनी युवा प्रतिद्वंद्वी की भी तारीफ करते हुये कहा कि मैं मोबोको को बधाई देना चाहती हूँ। मुझे लगता है कि उसने वाकई बहुत अच्छा खेला, और हमने एक-दूसरे को अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए प्रेरित किया। कभी-कभी हमारे पास वाकई अच्छे अंक होते थे। यह कोई आसान मैच नहीं था। बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने भी सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच पर 6-2, 6-3 से जीत हासिल करके लगातार तीसरे साल टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पोलैंड की चार बार की विजेता इगा स्वियाटेक ने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन की चुनौती को सीधे सेटों में पार करते हुए टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिल. सिला 24 मैचों तक बढ़ाया। उन्होने कहा कि मैं खुश हूं कि मैंने आखिरी गेम में शानदार प्रदर्शन किया और कोई भी मुफ्त अंक नहीं दिया। यह एक शानदार मैच था और मुझे लगता है कि यह काफी मनो. रंजक था। हम दोनों ने अच्छा खेला। मैं खुश हूं कि मैं आगे बढ़ गई हूं और अपने प्रदर्शन से खुश हूं। पिछले साल की फाइनलिस्ट इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने यूक्रेन की लकी लूजर यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-4, 6-1 से हराकर क्ले पर अपनी नौवीं लगातार जीत दर्ज की। पाओलिनी ने कहा कि पहले कुछ गेम कठिन थे। मुझे परिस्थितियों के साथ थोड़ा सा तालमेल बिठाना पड़ा, लेकिन फिर मैं कोर्ट पर बेहतर महसूस करने लगी।

# अमेरिका डोपिंग रोधी प्रणाली की खामियों को उजागर करना जारी रखूंगा: विटोल्ड

**वाडा के अध्यक्ष बांका ने डोपिंग रोधी प्रणाली की खामियों के बारे में जोर तरीके से बात की**

**वारसॉ, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने अमेरिकी डोपिंग रोधी प्रणाली में गंभीर खामियों के बारे में जोरदार तरीके से बोलना जारी रखने की कसम खाई है। उन्होने वैश्विक निगरानी संस्था के प्रमुख के रूप में अपने तीसरे और अंतिम कार्यकाल के लिए फिर से चुने जाने के बाद यह कसम खाई।

पूर्व पोलिश धावक और खेल एवं पर्यटन मंत्री बांका, चीन के पूर्व शीतकालीन ओलंपिक चैंपियन यांग यांग के साथ गुरुवार को वर्चुअल फाउंडेशन बोर्ड की बैठक के दौरान फिर से चुने गए। अमेरिकी डोपिंग रोधी एजेंसी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसे 'अंतिम 'बैट एंड स्विच' कहा। शुक्रवार को, वाडा के अध्यक्ष ने यूएसएडीए की आलोचना का जवाब दिया और कहा कि मुझे विशेष रूप से आश्चर्य नहीं है कि ऐसे शब्द यूएसए में कहे गए। पोलिश आउटलेट स्पोर्टोवे फैक्टी से उन्होने कहा कि इस देश के प्रतिनिधियों ने वास्तव में वाडा में मेरे नेतृत्व को कमज़ोर करने की कोशिश की। अमेरिकी सरकार ने वाडा में अपना योगदान बंद कर दिया, हमारी संस्था के बोर्ड में एक प्रतिनिधि खो दिया और अंततघ चुनावों पर भी प्रभाव डाला। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिकी एंटी-डोपिंग सिस्टम की कमियों के बारे में बेबाकी से बोलना जारी रखूंगा। बड़े और अत्यधिक विकसित पश्चिमी देश हम सभी को व्याख्यान देना पसंद करते हैं। उन्हें इस बारे में बात करना पसंद है कि एंटी-डोपिंग सिस्टम कैसा दिखना चाहिए, लेकिन जब हम उनके समाधानों को देखते हैं, तो पता चलता है कि सबसे बड़ी समस्या उनके साथ है। उदाहरण के लिए, यह अमेरिका पर लागू होता है, लेकिन जर्मनी पर भी। जब हमारे पास 23 चीनी तैराकों का मामला था, तो वे सबसे ज़्डादा शोर मचा रहे थे, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं देते कि उनकी अपनी राष्ट्रीय प्रणालियों के साथ उनकी कितनी बड़ी समस्या है। बांका और यांग को मूल रूप से 2019 के खेल में डोपिंग पर विश्व सम्मेलन में वाडा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया था। दोनों का नया कार्यकाल तीन साल का होगा जो एक जनवरी, 2026 से शुरू होगा और वे 31 दिसंबर, 2028 तक सेवा करेंगे।

# गिगांटे को हराकर बेन शेल्टन फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, वार्ता।** 13वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने शनिवार को कोर्ट सिमोन-मैथ्यू में इटली के माटेओ गिगांटे को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने बड़ी सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक का बेहतरीन मिश्रण दिखाते हुए गैरवरीय गिगांटे को दो घंटे से भी कम समय में 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार रोलांड गैरोस के दूसरे सप्ताह में प्रवेश किया। 21 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने 10 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट में से 79 प्रतिशत जीते, 11 मौकों में से पांच बार गिगांटे को तोड़ा। शेल्टन के बेहतरीन बेसलाइन प्ले ने उन्हें रिटर्न पर 44 पॉइंट जीतने में मदद की, जबकि इतालवी खिलाड़ी ने 25 पॉइंट जीते। गिगांटे ने तीसरे दौर तक जोशपूर्ण प्रदर्शन किया था, अपने प्रतिद्वंद्वी की ताकत और सटीकता से मुकाबला करने में संघर्ष करते रहे। सम्मानजनक 57 प्रतिशत प्रथम सर्व दर और नौ सर्विस गेम रखने के बावजूद, इटालियन लगातार दबाव में थे और चार ब्रेक पॉइंट में से केवल एक को ही बदल पाया।




# टेस्ट सीरीज से पहले नायर ने दिखाए तेवर

**लंदन, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले गैर आधिकारिक टेस्ट के पहले दिन भारत ए के लिए नाबाद 186 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये हैं। 33 वर्षीय करुण नायर ने 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 303 रन बनाए थे, लेकिन छह मैचों के बाद उन्हें तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के बाद से नॉर्थम्पटनशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेला है। उन्हे आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शुक्रवार को सरफराज खान के साथ 181 और ध्रुव जुरेल के साथ 177 रन की अटूट साझेदारी की। टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूके सरफराज ने 92 रन बनाए जबकि टेस्ट टीम में शामिल जुरेल ने दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद 82 रन बनाए थे। टेस्ट सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैम्पशायर के तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर 24 रन बनाकर कैच आउट हो गए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लायंस के गेंदबाजों में बाएं हाथ के जोश हल सबसे आगे रहे। उन्होंने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को आठ रन पर एलबीडब्लू आउट किया और सरफराज को लेग साइड में कैच कराया। चार दिवसीय मैच का शनिवार को आखिरी दिन है। इसके बाद 6 जून से नॉर्थम्प्टन में दूसरा अनौपचारिक टेस्ट खेला जाएगा। इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स और भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल दूसरे मैच के लिए अपनी-अपनी टीमों में शामिल हैं।

# उज्बेकिस्तान के खिलाफ लड़कर हारी भारतीय टीम

**डायोरखोन ने 56वें मिनट मैच का एकमात्र गोल करके टीम को जिताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिलर टीम को यहां पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडलीज के पहले मैच में उज्बेकिस्तान के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार रात को पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, डायोरखोन खाबीबुल्लाएवा ने 56वें मिनट मे मैच का एकमात्र गोल करके उज्बेकिस्तान को जीत दिलाई। भारत के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने टीम में कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल किया और मजबूत उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ तीन खिलाड़ियों को पदार्पण कराया।

अटैकर मनीषा नाइक और मालविका ने शुरुआती एकादश से पदार्पण किया, जबकि मिडफील्डर प्रियदर्शिनी ने दूसरे हाफ में अपना पहला मैच खेला। मैच की बराबरी की शुरुआत में भारत ने कुछ कॉर्नर अर्जित किए, जबकि गोलकीपर पंथोई चानू ने शुरुआती दौर में उज्बेकिस्तान के हमलावरों को दूर रखने में अच्छा प्रदर्शन किया। खेल के आगे बढ़ने के साथ भारत ने अधिक संयम हासिल करना शुरू कर दिया जबकि उज्बेक ने हमले बनाने शुरू कर दिए। काउंटर पर सौम्या गुगुलोथ ने डांगमेई ग्रेस को पास दिया, जो उज्बेकिस्तान की बैक लाइन से आगे निकल गई थी, और उसे केवल गोलकीपर को चकमा देना था। हालांकि, मफ्तुना जोनिमकुलोवा अपनी लाइन से बाहर निकली और भारत की फॉरवर्ड के पैरों से गेंद छीन ली।

इस बीच भारत के कोच छेत्री ने मनीषा नाइक की जगह स्ट्राइकर प्यारी ज़ाक्सा को खेल में शामिल किया। यह कदम दूसरे हाफ के शुरुआती चरणों में कारगर साबित हुआ, क्योंकि भारत ने उज्बेकिस्तान के हाफ में लंबे समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखना शुरू कर दिया। 56वें मिनट में, बाएं किनारे से माफुना शोइमोवा ने भारत के बॉक्स में एक सटीक क्रॉस भेजा, जिसे दियोराखोन ने नज़दीकी रेंज से टैप करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दियोराखोन को एक घंटे के बाद बढ़त को दोगुना करने का मौका मिला जब उन्होंने एक और क्रॉस वॉली करने की कोशिश की, इस बार बाईं ओर से, लेकिन फॉरवर्ड गेंद को कनेक्ट नहीं कर सके, क्योंकि पंथोई ने इसे हवा से छीन लिया। भारत ने बराबरी के लिए प्रयास किया मगर असफल रही। दोनों टीमें तीन जून को पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में दूसरे फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडली में भिड़ेंगी।

## युद्धवीर सिंह होंगे भारतीय टीम के मैनेजर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के निदेशक रह चुके युद्धवीर सिंह भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे में मैनेजर की भूमिका निभायेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सिंह को इंग्लैंड दौरे के लिये भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी जिसका पहला मैच 20 जून से लीड्स में शुरू होगा। इस दौरे में टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गयी है जबकि ऋषभ पंत उपकप्तान बनाये गये हैं।



कोलकाता। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर आयोजित रैली के दौरान मास्क पहने छात्र।

# अमेरिका-भारत के बीच सैन्य साझीदारी पर चर्चा

## विदेश सचिव मिस्री ने वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी की बातचीत

**वाशिंगटन।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिका के विदेश, रक्षा, राजकोषीय और वाणिज्य विभागों और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शीर्ष अधिकारियों के साथ मिल कर सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण किया तथा वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की।

विदेश सचिव मिस्री ने अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के लिए 27-29, मई तक वाशिंगटन की यात्रा की। यह यात्रा 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के बाद हुई थी जिसके दौरान दोनों पक्षों ने 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका समझौता (सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी) का शुभारंभ किया था। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर भी भारतीय

**उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की**

प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान विद.ेश सचिव मिस्री ने विदेश विभाग, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, रक्षा विभाग, राजकोषीय विभाग और वाणिज्य विभाग के समकक्षों के साथ व्यापक चर्चा की। उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि प्रौद्योगिकी व्यापार और प्रतिभा 21वीं सदी में भारत-अमे. रिका साझीदारी को आकार देने वाले प्रमुख



स्तंभ होंगे। रक्षा उप मंत्री स्टीव फीनबर्ग और नीति सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ बैठकों में, दोनों पक्षों ने एक मजबूत और दूरदर्शी रक्षा साझीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। चर्चा सह-उत्पादन और सह-विकास पहलों, निरंतर संयुक्त सैन्य अभ्यासों, रसद और सूचना-साझाकरण ढांचे और सशस्त्र बलों के बीच अंतर-संच. ालन क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित थी। राज. कोष विभाग के उप मंत्री माइकल फॉकेंडर के साथ, विदेश सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सहयोग और आगामी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रक्रियाओं में समन्वय सहित आर्थिक और वित्तीय संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। वाणिज्य उप मंत्री जेफरी केसलर के साथ अपनी बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर प्रगति, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग और आईटीएआर और निर्यात नियंत्रण नियमों को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता की समीक्षा की। वे जल्द से जल्द भारत-अमेरिका रणनी. तिक व्यापार वार्ता की अगली बैठक बुलाने पर सहमत हुए। कॉम्पैक्ट में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुरूप, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, ट्रस्ट पहल, आतंकवाद-रोधी, हिंद महासागर रणनी. तिक उद्यम और क्वाड, आई2यू2 और आईएमईईसी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से सहयोग सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों पर विस्तृत अंतर-एजेंसी चर्चाएं आयोजित की गईं।

## श्रीलंका में खराब मौसम के कारण 6000 लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में खराब मौसम के कारण लगभग 6,000 लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियों ने 1579 परिवारों के 5974 व्यक्तियों को प्रभावित किया है, जबकि 1545 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस बीच, श्रीलंका के सरकारी सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) ने मानसून में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण शुक्रवार रात आठ बजे तक 50000 से अधिक बार बिजली कटौती की सूचना दी है। मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगले 24 घंटों तक भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। लोगों को गरज के साथ स्थानीय तेज हवाओं और बिजली गिरने से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। श्रीलंका की भौगोलीय स्थिति को देखते हुए इस तरह के खराब मौसम में ऐसी घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। गौरतलब है कि श्रीलंका में दक्षिण-पश्चिम मानसून (मई से सितम्बर) और पूर्वोत्तर मानसून (दिसम्बर से मार्च) दो मुख्य मानसून मौसम होते हैं। इन अवधियों में अक्सर भारी वर्षा, तेज़ हवायें चलती हैं और व्यापक बाढ़ और भूस्खलन होती रहती हैं, जिसके कारण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है।

## इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव स्वीकारने का दबाव बनाया

# हमास को विनाश की दी चेतावनी

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने हमास को चेतावनी दी है कि वह पश्चिम एशिया के लिएए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से प्रस्तावित गाजा युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करे या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार विटकॉफ के प्रस्ताव में गाजा में 60 दिनों के युद्ध विराम के बदले में दो चरणों में 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने की बात कही गई है।

समझौते में 180 फलस्तीनियों के शवों के सौंपने के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों की इजरायल द्वारा रिहाई भी शामिल है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली सेना ने गाजा में अपने अभियान को पूरी ताकत के साथ जारी रखा है और बड़े पैमाने पर हवाई, जमीनी तथा समुद्री हमले किए। इज़रायली सेना ने कल जारी एक बयान में कहा कि वायु सेना ने ज़मीनी बलों के साथ मिलकर गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर हमले किए।

इस दौरान आतंकवादियों का सफाया हुआ और हथियारों को नष्ट किया गया। साथ ही, आतंकवादियों के भूमिगत ढांचे भी नष्ट हुए। इस दौरान, इज़रायली सैनिकों पर दो रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड दागे गए, जिसमें तीन सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। इज़रायली सेना के अनुसार, अक्टूबर 2023 के हमास हमले के दौरान पकड़े गए 251 बंधकों में से 57 गाजा में ही रह गए हैं, जिनमें से 34 के मारे जाने की आशंका है। दूसरी ओर इजरायली सेना ने कहा है कि पिछले सप्ताह में



**10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने का मुद्दा उठाया**

**गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर फलस्तीनी गुटों से परामर्श कर रहा है हमास**

कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि गाजा में हमास के साथ इजरायल के चल रहे युद्ध के बीच क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि अभियान में सात हथियार और 70 लाख से अधिक शेकेल (लगभग 20 लाख अमेरिकी डॉलर) जब्त किए गए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने उत्तरी वेस्ट बैंक में इजरायली बस्ती सा-नूर के स्थल का दौरा किया। गौरतलब है कि सा-नूर इजरायल के सुरक्षा मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित 22 बस्तियों में से एक है, जिसे इजरायल दशकों में वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों का सबसे बड़ा विस्तार बताता है। कैट्ज और वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच ने कहा है कि कई साइटें पहले से ही अनधिकृत चौकियों के रूप में मौजूद हैं और अब उन्हें इजरायली कानून के तहत कानूनी दर्जा दिया जाएगा। वहीं हमास ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से पेश किए गए गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव के बारे में फलस्तीनी बलों और गुटों के साथ परामर्श कर रहा है। नाम न बताने की शर्त पर हमास के एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि परामर्श का उद्देश्य प्रस्ताव के विवरण की जांच करना और अंतिम स्थिति निर्धारित करने से पहले फलस्तीनी हितों के साथ इसकी अनुकूलता सुनिश्चित करना है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए विटकॉफ के प्रस्ताव को स्वीकार करती है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि प्रस्ताव में दो चरणों में 10 जिदा बंधकों और 18 शवों को सौंपे जाने के बदले में गाजा में 60 दिनों का युद्ध विराम शामिल है। इजरायल 180 फलस्तीनियों के शवों के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों को रिहा करेगा। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नैम ने एक बयान में कहा कि आंदोलन को अमेरिकी प्रस्ताव पर इजरायल की प्रतिक्रिया मिल गई है। इजरायल की स्थिति फलस्तीन की मुख्य मांगों को संबोधित करने में विफल रही है, जिसमें शत्रुता की पूर्ण समाप्ति और गाजा पर लंबे समय से चली आ रही नाकाबंदी को हटाना शामिल है।

### दक्षिणी गाजा में इजरायली हवाई हमले में 14 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिएए लगाए गए एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 14 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शुक्रवार को हुए हमले में मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमले में कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इजरायली सेना ने कहा है कि उसके बलों ने पिछले 24 घंटों में पट्टी भर में अभियान जारी रखा है और इस दौरान 'आतंकवादियों, सैन्य भवनों, निगरानी और स्नाइपर ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वो ठिकाने हैं जो इजरायली बलों के लिएए खतरा पैदा कर रहे थे। एक अलग बयान में सेना ने कहा कि खान यूनिस क्षेत्र में काम कर रहे उसके बलों ने हमास के भूमिगत बुनियादी ढांचे की उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए लगभग एक किलोमीटर लंबी एक भूमिगत सुरंग का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि सुरंग के मार्ग का उपयोग आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिएए किया गया था। आतंकवादियों ने क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे का खुलेआम फायदा उठाया था। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इजरायल की ओर से 18 मार्च को दोबारा तीव्र सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद कम से कम 4058 फलस्तीनी मारे गए हैं और 11729 घायल हुए हैं।

## म्यांमार में नशीली दवाओं के बड़े पैमाने पर कारोबार का भंडाफोड़

**नेपीडॉ।** म्यांमार में अधिका. रियों ने हाल के दिनों में देश के सबसे बड़े मादक पदार्थों के भंडाफोड़ में लगभग 20 लाख उत्त.ेजक गोलियां और 134 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है, जिनकी कीमत लगभग 30 लाख अमेरिकी डॉलर है। म्यांमार पुलिएस ने एक बयान में यह जानकारी दी। 'ग्लोबल लाइट ऑफ म्यांमार' की एक रिपोर्ट के अनुसार खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, 20 मई की देर रात लेवे टाउनशिप में यह अभियान चलाया गया।

मादक पदार्थ प्रवर्तन इकाई एक संयुक्त टीम के नेतृत्व में अधिका. रियों ने 20 मई की देर रात औंगनांगचो से प्यिनमाना जा रहे एक फूसो 12-पहिया ट्रक को रोका। ट्रक को ज़नि म्यो हेट आंग (उर्फ काला ले) चला रहा था और उसके साथ मिन खांट क्याव और म्यात सो ओ (उर्फ सुपर) भी थे। ट्रक में करीब दो लाख मेथामफेटामाइन की गोलियां और 134.2 किलोग्राम हेरो. इन पाई गईं। इसके साथ ही दो शेव. रले कारों को भी रोका गया, जो एस्कॉर्ट वाहन माने जा रहे थे। इनके चालक थुरिन को को, क्याव म्यो हलिएंग (उर्फ क्याव गी) और ने ओओ शीन को हिरासत में लिएया गया। जांच के बाद अगली सुबह और गिरफ्तारियां हुईं। पाइनमाना



**20 लाख उत्तेजक गोलियां, 134 किलोग्राम हेरोइन जब्त**

टाउनशिप के एक होटल में, पुलिएस ने पॉ लू (उर्फ पॉ लू चान), सो ल्विन और थीन सैन हटन (उर्फ काला ले) को पकड़ा, जिनके बारे में माना जाता है कि वे शान राज्य से मांडले तक ड्रग्स ले जाने वाले तस्करी नेटवर्क के सरगना हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू हो गई है, पुलिएस ने कहा कि बड़े पैमाने पर तस्करी के इस अभियान में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के प्रयास जारी हैं। यह नवीनतम जब्ती कुछ दिन पहले ही शान राज्य में हुई ऐसी ही एक छापेमारी के बाद हुई है, जहां अधिकारियों ने लगभग 93,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की पांच लाख उत्तेजक गोलियां जब्त की थीं।

## स्टील-एल्युमीनियम पर अमेरिका में ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिएए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है।

निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के

**ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा है**

शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पाट्र्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं। भारतीय स्टील निर्माताओं के लिएए अमेरिका शीर्ष गंतव्यों में से एक है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के माध्यम से धीरे-धीरे बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। फियो के अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि हालांकि हम समझते हैं कि यह निर्णय अमेरिका में घरेलू नीतिगत विचारों से उपजा है।

## सोल में मेट्रो में लगी आग, 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8:47 बजे सबवे लाइन 5 की एक मेट्रो ट्रेन में आग लग गई, जिसमें 15 लोग झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिएस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 60 से 70 साल का एक व्यक्ति मेट्रो में टॉर्च और जेरीकैन लेकर आया था। कथित तौर पर उसने येओइना: और मापो स्टेशनों के बीच आग लगा दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार आग. जनी के संदिग्ध को पुलिएस ने गिरफ्तार कर लिएया है। ट्रेन में सवार यात्रियों को बाहर निकाल लिएया गया है। आग बुझाने का काम पूरा हो गया है।

## रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर दो जून को होने की उम्मीद

**पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का दिया था सुझाव**

**मॉस्को/इस्तांबुल।** रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर इस्तांबुल में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोआन के कार्यालय में होने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि सबसे अधिक संभावना है कि यह दौर फिर से डोलमाबाहचे में कार्यालय में होगा।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने शुक्रवार को कहा कि इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ संभावित आगामी वार्ता में रूस वार्ता प्रक्रिया के लिएए दोनों पक्षों के दृष्टिकोणों पर ज्ञापनों का आदान-प्रदान करने का प्रस्ताव करता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का सुझाव दिया था। क्रेमलिएन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि



यूक्रेन के साथ प्रस्तावित वार्ता का उद्देश्य संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना और रूस के हितों को सुनिश्चित करना है। रूसी प्रतिनिधिमंडल 15 मई को इस्तांबुल पहुंचा, लेकिन दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ। यह बैठक अगले दिन हुई और लगभग दो घंटे तक चली। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिस्की ने कहा कि दोनों देश संभावित युद्ध विराम के अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिएए सहमत हुए हैं। मेडिस्की ने यूक्रेन के साथ बातचीत जारी रखने के लिएए रूस की तत्परता भी बताई। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी प्रतिनिधिमंडल दो जून को इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता के दौरान यूक्रेनी पक्ष को समझौते पर एक ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिएए तैयार है। रूस ने कहा है दो जून को इस्तांबुल में वार्ता आयोजित करने के उसके प्रस्ताव पर यूक्रेन की प्रतिक्रिया फिलहाल नहीं मिली है।

## भारतीय विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहे रूसी विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विश्व. विद्यालयों में विदेशी विद्यार्थियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के ट्रम्प प्रशासन के प्रयास में रूसी विश्व. विद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को नया अवसर दिख रहा है और वे भारतीय छात्र-छात्राओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के अभियान में लगे हैं।

रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थान प्रमुख भारतीय शहरों में विशेष सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रूसी संस्थान इस अभियान में अन्य बातों के साथ बता रहे हैं कि उनके यहां विशेष रूप से चिकित्सा (मेडिकल) शिक्षा का खर्च तुलनात्मक रूप से कम है और इस लिएए रूस भारतीय विद्यार्थियों के लिएए चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई का पसंदीदा स्थान बन गया है। इसी तरह के एक अभियान में शनिवार को यहां रूसी हाउस में आयोजित शिक्षा-मेले सैकड़ों

**पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं**

**ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी है**

विद्यार्थी और अभिभावक आए थे। मेले में रूस के प्रमुख मेडिकल विश्वविद्यालयों ऑरेनबर्ग स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, पर्म स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, बीबी गोरोडोविकोव कलमीक स्टेट विश्वविद्यालय , प्सकोव स्टेट विश्वविद्यालय और मारी स्टेट विश्वविद्यालय सहित कई प्रमुख रूसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने उनके साथ संवाद किया। इस वर्ष रूसी शिक्षा मेला भारत के सात शहरों-मुंबई, त्रिवेंद्रम, कोलकाता, नई दिल्ली, पटना, अहमदाबाद, इंदौर, चंडीगढ़ और जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली में आज आयोजित कार्यक्रम में इन विश्वविद्यालयों ने अपने यहां प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे, छात्रावास सुविधाओं और रूस में जीवन के बारे में जानकारी दी और इससे संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। मेले मे मौजूद मारी स्टेट विश्वविद्यालय की कुलपति पेट्रोवा इरीना ने कहा कि हम भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ विश्व के अन्य देशों की तुलना में मेडिकल संबंधी उच्च शिक्षा को किफायती रूप में उपलब्ध कराते हैं। पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं। इस अवसर पर रूसी हाउस की निदेशक डॉ. एलेना रेमीज़ोवा ने कहा कि शिक्षा भारत-रूस सहयोग के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है। रूसी शिक्षा मेले जैसी पहलों के माध्यम से हमारा लक्ष्य भारतीय छात्रों को रूस में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों तक पहुंच प्रदान करना है। ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी हैं। अमेरिकी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 2023-24 में 3.31 लाख छात्र-छात्राएं पढ़ रहे थे और वहां के लिएए भारत विदेशी विद्यार्थियों का सबसे बड़ा स्रोत था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने राजनीतिक निर्णयों के तहत आमेरिका में आव्र. जन के नियम सख्त करने के साथ अमेरिकी विश्वविद्यालयों की विद.ेशी विद्यार्थियों को प्रवेश देने की क्षमता पर नियामकीय और वित्तीय अंकुश लगाने शुरू कर दिए हैं।

## पश्चिमी सूडान में ड्रोन हमले में छह की मौत, 15 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी कोर्डोफन प्रांत की राजधानी एल-ओबेद में एक अस्पताल को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में कम से कम छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह इमरजेंसी लॉयर्स इनिशिएटिव ने एक बयान में कहा कि अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा शुक्रवार सुबह ड्रोन से एल-ओबेद इंटरनेशनल अस्पताल पर हमला किया।हमले में छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें मरीज, उनके साथी और चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं। समूह ने कहा कि हमले से अस्पताल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे उसे चिकित्सा सेवाएं रोकनी पड़ी हैं। समूह ने कहा कि ड्रोन हमला उत्तरी कोर्डोफन राज्य के बारा शहर पर आरएसएफ बलों द्वारा की गई।

## नाइजीरिया में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हुई

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के अधिका. रियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनईएमए के वरिष्ठ अधिका. रियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को टेलीफोन पर बताया कि आपदा वाले मोक्वा क्षेत्र का जायजा लेने गए अधिकारियों ने कल दोपहर और शव बरामद किए गए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि फिलहाल कम से कम 100 शव बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि अधिकारियों ने गुरुवार को संवाददाताओं को



**अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान**

बताया था कि बुधवार देर रात भारी बारिश ने मोक्वा में तबाही मचा दी जिससे 50 से अधिक मकान जलमग्न हो गए या बह गए। इन मकानों में लोग रह रहे थे। इस सप्ताह की शुरुआत में मौसम विज्ञान एजेंसी ने नाइजर सहित देश के मध्य क्षेत्र में आंधी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान है। दक्षिणी क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर भी भारी बारिश के आसार हैं। एनईएमए ने बताया कि देश भर में बाढ़ के प्रकोप से बचने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस बीच बाढ़ की तैयारियों पर एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के दौरान एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने सरकार से जुड़े हर विभाग और संस्था से नदी क्षेत्रों में जल निकासी प्रणालिएयों, बांध और बाढ़-रोधी बुनियादी ढाँचे में निवेश करने का आग्रह किया।



# फिल्म सावी मेरे लिए हमेशा खास रहेगी: दिव्या खोसला



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की फिल्म सावी के प्रदर्शन के एक साल पूरे हो गए हैं। दिव्या खोसला ने फिल्म सावी में मुख्य भूमिका निभाई थी और यह फिल्म उनके ऑन-स्क्रीन ट्रांसफॉर्मेशन की एक मजबूत मिसाल बन गई। आज इस फिल्म की रिलीज को एक साल पूरा हो गया है और दिव्या इस प्रोजेक्ट का जश्न मनाने को लेकर उत्साहित हैं। अभिनय देव के निर्देशन में बनी फिल्म सावी में दिव्या ने एक ऐसी गृहिणी की भूमिका निभाई जो अपने पति पर लगे झूठे हत्या के आरोप के खिलाफ हार नहीं मानती।

फिल्म सावी के एक साल पूरे होने पर दिव्या खोसला ने कहा, सावी मेरे दिल के बेहद करीब है और हमेशा खास रहेगी। ऐसा लग रहा है जैसे कल ही हम हर्षवर्धन राणे, अनिल कपूर और हमारे निर्देशक अभिनय देव के साथ शूट कर रहे थे। सावी का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे पता था कि मुझे यह रोल करना है और एक पत्नी के उग्र रूप को सामने लाना है जो अपने पति के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

दिव्या खोसला ने कहा, मेरे लिए इससे बड़ी मान्यता कोई नहीं हो सकती थी कि मैंने ऐसा किरदार चुना जो दर्शकों से जुड़ गया और फिल्म की व्यावसायिक सफलता में योगदान दिया। मुझे खुशी है कि मैंने यह प्रोजेक्ट किया। दिव्या खोसला अब निर्देशक प्रेरणा अरोड़ा के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। फिलहाल इसका नाम सामने नहीं आया है, लेकिन दोनों की यह साझेदारी दर्शकों में उत्सुकता जगा रही है। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानका. रियां अभी सामने आनी बाकी हैं और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

# कार्तिक आर्यन के इन फ्लाइट वीडियो पर विद्या ने ली चुटकी




कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर विद्या बालन ने की मज़ेदार प्रतिक्रिया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अभिनेता कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर मजेदार प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यनन ने हाल ही में एक फ्लाइट से मज़ेदार वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें वह एक एयर होस्टेस से मिलते हैं जो हर तरह से उन्हें विद्या बालन की याद दिला देती हैं।

नाम से लेकर आवाज़ और ज़बरदस्त हंसी तक। मौके का फायदा उठाते हुए कार्तिक कैमरे की ओर देखकर मज़ाक में कहते हैं, हाय विद्या, बहुत दिनों बाद यह कार्तिक है और एयर होस्टेस भी उसी अंदाज़ में जवाब देती हैं, हाय विद्या यह विद्या है, लेकिन असली बाज़ी विद्या बालन ने अपनी शानदार प्रतिक्रिया से मार ली। उन्होंने कहा कि बचके रहना रूहबाबा, मैं हर जगह मिलूंगी। कार्तिक आर्यन यह एकदम चुटीला, डरावना और मज़ेदार जवाब थो जो फिल्म भूलभुलैया फ्रेंजाइजी से उनकी भूतिया भूमिका मंझुलिका की याद दिला गया। फैन्स इस मज़ेदार नोकझोंक पर फिदा हो गए।

# वरुण की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा कर लिया है। वरुण धवन इन दिनों अपने पिता डेविड धवन के निर्देशन में बन रही कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग स्कॉटलैंड में कर रहे थे। इस फिल्म का स्कॉटलैंड शैड्यूल रैप-अप हो चुका है। वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ एक खास नोट लिखा, स्कॉटलैंड में रुहै जवानी तो इश्क होना है के लिए हमारा शेड्यूल पूरा हो गया है। इतने दिनों से सभी लोग मिलकर इसे पूरा करने में लगे हुए हैं। जल्द ही आप सभी के लिए हंसी लेकर आऊंगा। अब घर वापस आ गया हूं। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले रमेश तौरानी इस फिल्म निर्माण कर रहे हैं।इस फिल्म में वरूण धवन के साथ मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े मनीष पॉल, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी और अली असगर भी हैं।

# सैयारा मेरी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित: मोहित

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मोहित सूरी का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म सैयारा उनकी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित है। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) द्वारा निर्मित और मोहित सूरी द्वारा निर्देशित सैयारा का टीज़र कल जारी होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है। फिल्म सैयारा में अहान पांडे को एक पारंपरिक हीरो के रूप में और अनीत पड्डा (बिग गर्ल्स डोंट क्राइ फेम) को नई वाईआरएफ अभिनेत्री के तौर पर लॉन्च किया जा रहा है। मोहित सूरी ने कहा, आप कई तरह की कहानियां कह सकते हैं और लोगों को भावनात्मक यात्राओं पर ले जा सकते हैं, लेकिन रोमांस एक खास जॉनर है।

सैयारा मेरी उन प्रेम कहानियों को समर्पित है जिन्हें मैं खुद बेहद पसंद करता हूं, जिनसे मेरा जीवन कभी न कभी टकराया है। मैंने कई लोगों की असाधारण प्रेम कहानियां सुनी हैं, जो मेरे लिए प्रेरणा बनी। मोहित सूरी ने कहा, सैयारा के टीज़र को मिली एकमत प्रतिक्रिया देखकर दिल खुश हो गया। मैं अहान और अनीत के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि उन्होंने अपने अभिनय से लोगों से तुरंत जुड़ाव बना लिया। यह पल मैं अपनी टीम और वायआरएफ के साथ साझा करना चाहता हूं। आशा है कि जैसे-जैसे हम फिल्म की मार्केटिंग में इसकी अलग-अलग परतें खोलते जाएंगे, लोग उससे उतना ही जुड़ते जाएंगे। वाईआरएफ के सीईओ और निर्माता अक्षय विधानी ने कहा,रोमांस यशराज फिल्म्स की पहचान रहा है। सैयारा के माध्यम से हम प्रेम के उस पक्ष को एक्सप्लोर कर रहे हैं जो गहराई से भावुक, पर साथ ही उत्साहवर्धक भी है। दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारे लिए बेहद ज़रूरी था, खासकर तब जब हम रोमांटिक शैली में वापसी कर रहे हैं। मोहित सूरी जैसे निर्देशक के साथ काम करने का मौका पाकर हम बेहद खुश थे। उनकी संवेदनशीलता और समझ इस कहानी को एक नई ऊंचाई पर ले गई। हमें खुशी है कि दर्शकों ने इसे इतनी गर्मजोशी से स्वीकारा। सैयारा इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए हम दो प्रतिभाशाली नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा को लॉन्च कर रहे हैं। हमारा सपना था कि इन दोनों को एक ऐसी प्रेम कहानी में लॉन्च करें जो लंबे समय तक लोगों के दिल में रहे। फिल्म सैयारा 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर में रिलीज़ होगी।

# मुकेश के कहने पर अनिल विश्वास ने गाना छोड़ दिया

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत के दिग्गज संगीतकार और गायक अनिल विश्वास ने पार्श्वगायक मुकेश के कहने पर गाना छोड़ दिया था। पार्श्वगायक मुकेश के रिश्तेदार मोतीलाल के कहने पर अनिल विश्वास ने मुकेश को अपनी एक फिल्म में गाने का अवसर दिया था, लेकिन उन्हें मुकेश की आवाज पसंद नहीं आई। बाद में उन्होंने यह वह गाना अपनी आवाज में गाकर दिखाया। इस पर मुकेश ने अनिल से कहा, दादा बताइए कि आपके जैसा गाना भला कौन गा सकता है यदि आप ही गाते रहेंगे तो भला हम जैसे लोगों को कैसे अवसर मिलेगा। मुक.ेश की इस बात ने अनिल को सोचने के लिए मजबूर कर दिया और उन्हें रातभर नींद नहीं आई। अगले दिन उन्होंने अपनी फिल्म पहली नजर में मुकेश को बतौर पार्श्वगायक चुन लिया और निश्चय किया कि वह फिर कभी व्यावसायिक तौर पर पार्श्वगायन नहीं करेंगे। अनिल विश्वास का जन्म सात जुलाई 1914 को पूर्वी बंगाल के वारिसाल अब बांग्लादेश में हुआ था। बचपन से ही उनका रूझान गीत संगीत की ओर था। महज 14 वर्ष की उम्र से ही उन्होंने संगीत समारोह में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था जहां वह तबला बजाया करते थे। वर्ष 1930 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अपने चरम पर था। देश को स्वतंत्र कराने के लिए छिड़ी मुहिम में अनिल भी कूद पड़े। इसके लिए उन्होंने अपनी कविताओं का सहारा लिया। कविताओं के माध्यम से अनिल देशवासियों मे जागृति पैदा किया करते थे। इसके कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। अनिल वर्ष 1930 में कलकत्ता के रंगमहल थिएटर से जुड़ गए जहां वह बतौर अभिनेता,पार्श्वगायक और सहायक संगीत निर्देशक काम करते थे। वर्ष 1932 से 1934 अनिल थिएटर से जुड़े रहे। उन्होंने कई नाटकों में अभिनय और पार्श्वगायन किया। रंगमहल थिएटर के साथ ही अनिल हिदुस्तान रिकॉर्डिंग कंपनी से भी जुड़े। वर्ष 1935 में अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वह कलकत्ता से मुंबई आ गए। वर्ष 1935 में प्रदर्शित फिल्म धरम की देवी से बतौर संगीत निर्देशक अनिल ने अपने सिने करियर की शुरुआत की। साथ ही फिल्म में उन्होंने अभिनय भी किया। वर्ष 1937 में महबूब खान निर्मित फिल्म जागीरदार अनिल के सिने करियर की अहम फिल्म साबित हुई।

# 20 जून को जी-5 पर रिलीज होगी दिलजीत दोसांझ की फिल्म






**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ की फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल 20 जून को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल में दिलजीत दोसांझ एक अजीबोगरीब जासूस की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग बुडापेस्ट में हुई है और इसका निर्देशन रवि छाबड़िया ने किया है, जो बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ डायना पेंटी, बोमन ईरानी, चंकी पांडे, रत्ना पाठक शाह, बनिता संधू और सुमीत व्यास जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी को अली अब्बास जफर, सागर बाजाज और रवि छाबड़िया ने लिखा है। इस फिल्म का निर्माण अली अब्बास जफर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले किया है। अली इसके पहले फिल्म दिलजीत को लेकर फिल्म जोगी भी बना चुके हैं। अली अब्बास जफर ने कहा, दिलजीत के साथ जोगी में काम करने के बाद मुझे यकीन था कि हमें फिर साथ काम करना चाहिए। वह एक शानदार कलाकार हैं। यह फिल्म आपको हंसाएगी और रहस्य से भरपूर रखेगी। सह-निर्माता हिमांशु मेहरा ने भी दिलजीत की तारीफ करते हुए कहा, कम ही कलाकार हास्य और सस्पेंस दोनों को इतनी आसानी से निभा पाते हैं। दिलजीत उनमें से एक हैं। यह फिल्म परिवार के साथ देखने के लिए शानदार है।

